


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 40, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 सूर्यास्त 18 : 43

मुरादाबाद, रविवार, 5 मई 2024

वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...15

# कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

## 52 मिनट का रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। उन्होंने रामादेवी चौराहे के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका। करीब 6.38 बजे प्रधानमंत्री मोदी गुरुद्वारे से निकले और रोड शो के रथ पर सवार हो गए। भवनों की छतों पर खड़े लोगों ने मोदी-योगी के ऊपर फूलों की वर्षा की। पीएम और योगी ने कमल के निशान वाली एलईडी लाइट लेकर अभिवादन स्वीकार किया।



कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

- सीएम योगी आदित्यनाथ, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ

### अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

# अपहरण मामले में हिरासत में लिए गए रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

**सेक्स वीडियो मामला**



- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज किया गया था

### राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

### प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने यह जानकारी दी। सेक्स वीडियो मामले में फंसे प्रज्ज्वल कर्नाटक में हासन से सांसद हैं।

### 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी कर सकती है सीबीआई

प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े 'सेक्स स्कैंडल' की जांच कर रहे एसआईटी के अधिकारियों ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सूचित किया कि सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है। एसआईटी ने 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने को सीबीआई से अनुरोध किया है।

## दुष्कर्म-हत्या में चार दोषियों को मौत की सजा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला में सीबीआई की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई है।

- हरियाणा के नूंह में 2016 में हुई थी सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की वारदात

10 अप्रैल को हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया था। यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है। अदालत ने दोषियों पर कुल 8.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपियों ने एक नाबालिग समेत दो महिलाओं से उनके घर पर सामूहिक दूष्कर्म किया था और उसके बाद गहने और नकदी लूटी थी। दो लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। राज्य सरकार के निर्देश पर सीबीआई ने घटना की जांच का जिम्मा संभाल लिया था। एजेंसी ने विस्तृत जांच के बाद 24 जनवरी 2018 और 29 जनवरी 2019 को दो आरोप पत्र दायर किए थे।

**बबराला की जनसभा में सपा अध्यक्ष ने भाजपा पर बोला तीखा हमला**

# इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर गायब हो जाएगा डबल इंजन

संवाददाता, बबराला (संभल)

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा डबल इंजन का जो राग अलापती है, चुनाव बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर डबल इंजन गायब हो जाएगा। इंडी गठबंधन सरकार भाजपा से केंद्र के दस और प्रदेश की सरकार के सात साल का हिसाब भी लेगी।

शनिवार को बबराला के बाबू राम सिंह भाय सिंह कॉलेज मैदान में बदायूं से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जो बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर डबल इंजन के फोटो दिखा रहे हैं उनमें से एक इंजन गायब हो जाएगा। उसके कुछ दिन बाद दूसरा इंजन भी गायब हो जाएगा। कोविशील्ड टीके पर कहा कि सबने वैक्सीन लगवाई, लेकिन हमारे जैसे कुछ साथी होंगे जिन्होंने नहीं लगवाई। जिन्होंने लगवाई वह भाजपा के खिलाफ वोट देने निकल पड़ेंगे। इलेक्टोरल बॉंड पर बोले कि कोई राजनीतिक दल नहीं होगा, जिसने इतने बड़े पैमाने पर वसूली की होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि अभी हुए दो चरणों के चुनाव में भाजपा को जनता ने नकार दिया है। तीसरे चरण में भी भाजपा का सफाया होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कह रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन वह उनकी जमीन छीन लेना चाहते थे। इसीलिए तीन काले कानून लाए थे। भाजपा के लोग विकसित भारत का सपना दिखाते हैं यह तभी संभव है जबि देश का गरीब किसान खुशहाल होगा। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर गरीब किसानों का कर्जा माफ होगा। सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के पिता सपा नेता शिवपाल यादव ने गुन्नौर के लोगों से रिश्ता जोड़ते हुए कहा कि यह हमारा घर है। जनसभा को सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, फिरोज खां, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी, सपा प्रत्याशी आदित्य यादव, विधायक राम खिलाड़ी सिंह, पूर्व विधायक राजेश यादव, अमित यादव आदि ने भी संबोधित किया।



संभल के बबराला में जनसभा को संबोधित करते अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- भाजपा की केंद्र सरकार के 10 व प्रदेश के 7 साल का लेंगे हिसाब
- शिवपाल ने गुन्नौर से रिश्ता जोड़ते कहा कि यह हमारा घर

## एक नजर

### यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के खिलाफ महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की जांच टीम अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ता पहले ही राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक जांच दल का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगा।

### महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री गंगाधर गाडे का निधन

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के पूर्व परिवहन मंत्री एवं पैंथर्स रिपब्लिकन पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष गंगाधर गाडे का शनिवार तड़के लम्बी बीमारी के बाद यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। गाडे के परिवार में पत्नी सूर्याकांता, पुत्र सिद्धांत, बहू, बहन और पोते-पोतियां हैं। गाडे मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के नाम बदलने के आंदोलन के प्रमुख नेता थे। गाडे ने तड़के करीब चार बजे अंतिम सांस ली।

### पूर्वी, दक्षिणी भारत में गर्मी से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप में शनिवार को थोड़ी कमी आई। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में दो दिनों के बाद भीषण गर्मी से राहत मिलने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि गांगेय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में 'उष्ण लहर' से लेकर 'गंभीर उष्ण लहर' की स्थिति बनी हुई है, इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# छात्रों को फिर पढ़ाएंगे रिटायर्ड शिक्षक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार** : राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है।

जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

### मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर



राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए। **-डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

# मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।



- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

## अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के काफिले पर आतंकी हमला, एक जवान शहीद

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य सैनिक घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना के काफिले पर यह हमला सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास शाम करीब 6.15 बजे तब हुआ जब सैनिक सनाई टॉप पर अपने अड्डे पर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी में पांच सैनिक घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन गंभीर रूप से घायल दो जवानों में से एक ने दम तोड़ दिया।



आतंकी हमले के बाद क्षेत्र में सघन तलाशी करता सुरक्षा बल।

- पुंछ जिले में सनाई टॉप के पास शाम के समय हुए हमले में चार जवान घायल, चल रहा इलाज

### बुफलियाज में पिछले साल दिसंबर में भी हुआ था हमला

बुफलियाज में बीते साल 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 4 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। पुंछ में इसी साल 12 जनवरी को आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला किया था।

## सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।



- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

# लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

## एअर इंडिया ने केबिन में सामान रखने की क्षमता 15 किग्रा की

**नई दिल्ली।** घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं - कंफर्ट, कंफर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग मूल्य पर अलग सुविधाएं देते हैं। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है।

**हेराफेरी** | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

# चोकर और राजमा के नाम करोड़ों रुपये का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है।

मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।



### फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। चुनाव बाद जांच करेंगे और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक प्रशासन/विपणन, मुख्यालय मंडी परिषद

### मंडी परिषद कई बार मांग चुका आंकड़ा

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है। निदेशक की तरफ से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन, आंकड़ें गोपनीय बताकर नहीं दिए गए। इस बार मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने की सहमति बनी है और चुनाव जांच कर कार्रवाई की तैयारी है।

## एक नजर

### अक्षित का टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन



**अमृत विचार, मुरादाबाद :** भारतीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में रामपुर के अक्षित सक्सेना का चयन हो गया है। अक्षित पश्चिमी उत्तर प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट टीम के खिलाड़ी हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने की जानकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनीश नरूला ने दी है। उन्होंने बताया कि टेनिस बाल क्रिकेट लंकन चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए प्रतियोगिता भारत व श्रीलंका के बीच 16 से 20 मई तक श्रीलंका के कोलंबो शहर में होने जा रही है।

### 58 एलईडी की मरम्मत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग की ओर से शिकायतों के आधार पर वार्ड 14, 32, 42, 30 व अन्य वार्डों में खराब पड़ी 58 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई गई। लाइन फाल्ट भी ठीक कराया गया।



वसुंधरा कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## अमंगल से बचाती है श्रीमद्भागवत कथा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** वसुन्धरा कालोनी समिति मझोला द्वारा चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। आखिरी दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि सुदामा व गोपी भक्ति से भगवान को अपना बनाया जा सकता है। श्रीमद्भागवत कथा अमंगलों से बचाकर भगवान की कृपा दिलाने वाली है।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान के प्रति की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। क्योंकि भगवान शाश्वत हैं। उनकी सेवा में लगाई गई बुद्धि या उनके प्रति किया गया कोई भी कार्य स्थाई होता है। श्रीमद्भगवत गीता में कहा गया है कि भगवान के प्रति की गई ऐसी दिव्य सेवा जन्म जन्मांतर तक संचित होती जाती है और जब भक्त पूर्ण रूप से परिपक्व हो जाता है, तो उसकी सारी सेवा को जोड़ कर देने पर भगवान के सानिध्य में जाने के योग्य हो जाता है। व्यवस्था में महेन्द्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डॉली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, अशोक सक्सेना, राजकिशोर शास्त्री, रानी सैनी आदि ने सहयोग दिया।

### नया मुरादाबाद में महानगरवासी कर सकेंगे ताजमहल, कुतुब मीनार व अयोध्या के श्रीराम मंदिर के दर्शन

# 500 करोड़ की लागत से होगा भारत दर्शन पार्क का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जल्द ही महानगर के लोग मुरादाबाद में ही ताजमहल, कुतुब मीनार व अयोध्या के श्री राम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण नया मुरादाबाद में भारत दर्शन पार्क का निर्माण कराने जा रहा है। जिसमें महानगरवासी कोणार्क का सूर्य मंदिर, एफिल टावर जैसी मशहूर इमारतों को देख सकेंगे। यह सौगात मुरादाबाद विकास प्राधिकरण जल्द ही देने जा रहा है। जिसकी सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भारत दर्शन पार्क का निर्माण जनपद को टूरिज्म स्पॉट को एक नई दिशा देगा। एमडीए द्वारा बनाये जा रहे पार्क की खासियत यह है कि एक ही जगह पर आपको भारत दर्शन हो जाएगा। यह उन पर्यटकों के लिए सही साबित हो सकता है जो कम समय में भारत दर्शन करना चाहते हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि नया मुरादाबाद में सवा लाख स्क्वायर मीटर जमीन पर कामर्शियल प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। यह साढ़े 500 करोड़ रुपये की योजना है। जिसमें वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इस पार्क में आगरा का ताजमहल, दिल्ली की कुतुबमीनार, अयोध्या का श्री राम मंदिर, कोणार्क का सूर्य मंदिर, एफिल टावर, चारमीनार और अजूबे कबाड़ से तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही होटल, हाई स्ट्रीट, शॉपिंग मॉल, शोरूम बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत दर्शन पार्क महानगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। योजना की प्लानिंग पुरी की जा चुकी है। अभी फिलहाल डिजाइनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद जल्द ही पार्क का निर्माण शुरू कराया जाएगा।



ध्वस्तीकरण कार्रवाई का एलान करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम।

### कल से ध्वस्त होगा लोहिया व डिजाइनको का अवैध निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने लोहिया ब्रास एवं डिजाइनको फैक्ट्री के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है। शनिवार को टीम ने फैक्ट्री के गेट पर मुनादी करके बताया कि सोमवार से अवैध निर्माण को गिराए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इसलिए अवैध निर्माण वाले क्षेत्र को खाली करने की चेतावनी दी है। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार के निर्देश पर एमडीए सचिव अंजुलता बीते मंगलवार को स्वयं गागन नदी की जमीन पर हुए कब्जों की पैमाइश कराने पहुंची थीं। उन्होंने लोहिया ब्रास का वह भाग भी देखा जिसको उन्होंने स्वयं तोड़ने की बात कहते हुए पत्र दिया था। पैमाइश में सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी शामिल थे। पैमाइश के दौरान पता लगा कि फैक्ट्री में नदी की जमीन पर हुए निर्माण को नहीं तोड़ा गया है। मानचित्र से इतर हुआ निर्माण भी नहीं टूटा है। एमडीए सचिव ने संयुक्त रिपोर्ट उपाध्यक्ष को सौंपकर सारी स्थिति से अवगत कराया। जिसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू हो गई है। शनिवार को सहायक अभियंता राकेश कुमार खरे की अगुवाई में एमडीए की टीम लोहिया ब्रास के गेट पर पहुंची और मुनादी कराई। उन्होंने कहा कि लोहिया ब्रास और डिजाइनको कंपनी के द्वारा बाउंड्रीवाल के अंदर तमाम औद्योगिक निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृत कराए गए हैं। जिसके खिलाफ सक्षम अधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश 23 मार्च 2024 को किए गए हैं। नियमानुसार आदेश के एक माह के अंदर स्वयं ध्वस्त करने की समय सीमा खत्म हो चुकी है। इस फैक्ट्री परिसर के भीतर अवैध निर्माण सोमवार ध्वस्त कराया जाएगा।

# नालों पर अतिक्रमण बना सफाई में अड़चन

### जलभराव की समस्या से निजात के लिए बरसात से पहले करानी होगी नालों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बरसात में महानगर में जलभराव की विकट समस्या होती है। महानगर एक-दो दिन की बारिश में ही तालाब बन जाता है। महानगर में नाला सफाई में अतिक्रमण अड़चन बनता है। ठीक से सफाई न होने से हल्की सी बारिश में भी नाला ओवरफ्लो होने से सड़क पर पानी बहता है। जिससे गंदगी से लोगों में संक्रामक बीमारी की आशंका भी बढ़ जाती है।

नगर निगम की सीमा के अंतर्गत 232 खुले और 32 भूमिगत नाले हैं। इनकी सफाई बरसात से पहले ठीक से न होने पर इस बार भी जलभराव की समस्या से जूझने की स्थिति बनेगी। नगर निगम प्रशासन बरसात से नालों की सफाई के लिए पहल कर रहा है। लेकिन सफाई कार्य में नाले पर किया गया अतिक्रमण अड़चन डालेगा। इसलिए सफाई कार्य से पहले निगम प्रशासन को अतिक्रमण मुक्त करना होगा। अन्यथा केवल रस्म अदायगी के लिए नाला सफाई से जलभराव की आशंका फिर भी बनी रहेगी। महानगर में नालों-नालियों की सफाई का कार्य निगम का निर्माण अनुभाग कराता है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने पिछले दिनों बैठक में अधिकारियों को जोनवार सफाई कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया था। मुख्य अभियंता दिनेश सचान का कहना है नाला सफाई के लिए ई निविदा आमंत्रित की गई है। इसकी प्रक्रिया पूरी होने पर नालों की सफाई कराएंगे। वहीं नगर आयुक्त का कहना है कि नालों की सफाई फेजवार होगी और इसकी मानीटरिंग जोनल अधिकारी करेंगे। जिन नाले, नालियों पर अतिक्रमण है नोटिस देकर दुकानदारों या भवन स्वामियों को स्वयं हटाने और ऐसा न करने पर निगम की टीम को अतिक्रमण हटवाने के लिए निर्देश दिया है।



रेलवे स्टेशन रोड पर नाले के ऊपर बनीं दुकानें। ● अमृत विचार

● **नगर निगम की सीमा के अंतर्गत हैं 232 खुले और 32 भूमिगत नाले**

### लापरवाही पर टोरेंट गैस लिमिटेड पर लगा 9.42 लाख का जुर्माना

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** भूमिगत गैस पाइप लाइन बिछाने में कार्यदायी संस्था की मनमानी नागरिकों के साथ अब संस्था पर भी भारी पड़ी है। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के जलकल अनुभाग की ओर से चंद्रनगर में कार्य में लापरवाही पर टोरेंट गैस लिमिटेड पर 9.42 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा रही है।

टोरेंट गैस लिमिटेड की ओर से वार्ड नंबर 17 चंद्रनगर में भूमिगत गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई। पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ी।

नागरिकों की परेशानी को देखते हुए कार्यदायी संस्था की लापरवाही पर नगर निगम के जलकल अनुभाग ने टोरेंट गैस लिमिटेड पर 9,42,638 रुपये का जुर्माना लगाते हुए पत्र जारी कर दिया। साथ ही टोरेंट गैस लिमिटेड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश भी दिया है।

# बुध बाजार में फुटपाथ से कब्जा हटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नगर निगम की टीम ने शनिवार को बुध बाजार में फुटपाथ पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। फुटपाथ कब्जा करने वालों का सामान जब्त करने के साथ उनसे 1100 रुपये का जुर्माना भी वसूला। वहीं टीम से व्यापारियों ने नोकझोंक भी की। अपर नगर आयुक्त ने व्यापारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर वहां से हटाया।

स्मार्ट सिटी के कार्यों में अड़चन बन रहे फुटपाथ पर कब्जा करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए बुध बाजार में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार टीम लेकर पहुंचे। उन्होंने स्मार्ट रोड पर बनाए रेलिंग व फुटपाथ के बीच दुकानदारों के द्वारा सामान रखकर किए अस्थायी अतिक्रमण व कब्जे पर नाराजगी जताकर प्रवर्तन टीम को वहां से सामान हटाने का निर्देश दिया। इस पर कुछ दुकानदारों ने विरोध जताया और टीम से उलझने लगे। इस पर अपर नगर आयुक्त ने सरकारी कार्य में बाधा डालने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर अतिक्रमण करने वालों को वहां से भगाया। कब्जा करने वालों से 1100 रुपये जुर्माने के रूप में वसूला। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि टीम ने जब्तीकरण व चालान की कार्रवाई कल भी जारी रखने की घोषणा की है। इसी क्रम में प्रवर्तन दल ने एक क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन भी दुकानों से अभियान चलाकर जब्त किया। टीम को देखकर भंडारण करने वाले कई दुकानदार मौके से भाग गए।



अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार।

### नाला सफाई कराकर जलनिकासी कराई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे के निर्देश पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक और वार्ड सुपरवाइजरों ने बरसात से पहले नाला सफाई के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य शुरू किया। वार्ड 44 बलदेवपुरी पीतल बस्ती में नाला सफाई का कार्य कराया। नाले पर किए गए अतिक्रमण को छोटी पॉकलैंड मशीन से हटाया। कल्याणपुर रोड से बलदेवपुरी की ओर जाने वाले नाले की तलीझाड़ सफाई कराकर जलनिकासी को सुचारू कराया। नाले से निकले सिल्ट को तत्काल उठाने के निर्देश क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक ने दिए।

### सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक को भेजा नोटिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत रिहैबिलिटाइजेशन आफ स्टार्म वाटर ड्रेनेज करूला परियोजना के अन्तर्गत नाले की सफाई का कार्य 25 मई तक पूरा करने के लिए परियोजना प्रबंधक सीएंडडीएस को आदेश किया गया था। लेकिन, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार व नगर स्वास्थ्य अधिकारी के निरीक्षण में नाले के पानी की निकासी सही से नहीं हो रही थी। जो कि समझौते में शामिल शर्त का उल्लंघन है। समय से काम पूरा कराने व अन्यथा की स्थिति में 4 मई से ही अर्थदंड की धनराशि प्रति दिन के आधार पर लगाने का आदेश दिया।



बुद्धि विहार स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# स्थापना दिवस पर निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बुद्धि विहार फेस 2 स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली।

आयोजन में स्थानीय नागरिकों ने सुंदरकांड का पाठ किया। भजन संध्या में भोलेनाथ के भक्तों ने भजनों की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। अंत में भंडारा में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में वेद प्रकाश अरोड़ा, विकास अरोड़ा, गीताजंली पाण्डेय, राखी कत्याल, पिंकी कत्याल, मुकेश चंद्र गौड़, मीनाक्षी, नीलू, मीना, गरिमा, कामना, इला, कंचन, नैना, अलका, सुलेखा, वंदना मुद्गल, गीता, शोभा, अनीता, हेमंती, अंजू, नीतू, छाया, ममता आदि ने सहयोग किया।

### समय से दें वाहन, नहीं तो होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** संभल लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अधिग्रहीत हल्के व भारी वाहनों को देने में मनमानी करने वाले वाहन स्वामियों को जिलाधिकारी ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि समय से वाहन दें जिससे चुनाव की प्रक्रिया में परेशानी न आए।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि संभल लोकसभा क्षेत्र में सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है। इसमें मुरादाबाद जिले की दो विधानसभा भी आती है। इन क्षेत्रों में चुनाव कार्य के लिए वाहनों उपलब्ध कराने के लिए हल्के और भारी वाहनों को अधिग्रहण करने का आदेश दिया गया था। लेकिन कई वाहन स्वामियों ने अभी तक वाहन नहीं दिया है। वह अपना वाहन तय जगह पर लाकर दे दें। अन्यथा उनके खिलाफ धारा 167 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# जल्द सुलझेगा पुरानी पेंशन का मुद्दा: शिवगोपाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा को उम्मीद है कि पुरानी पेंशन योजना बहाली का मामला जल्द सुलझ जाएगा। उनका कहना है कि सरकार ने वार्ता के बाद संयुक्त समिति गठित की है। समिति अगले दो महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके आने का इंतजार किया जा रहा है।

शनिवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा महानगर पहुंचे। कपूर कंपनी स्थित नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के कार्यालय पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने संगठन की समीक्षा की और रेलवे कर्मियों की समस्याओं को सुना। वार्ता में उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन को लेकर संगठन और रेल कर्मियों ने एक मई को हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था। सरकार की ओर से वार्ता के बाद निर्णय बदला है। रेल संगठनों व सरकार से वार्ता हुई है। संगठनों ने सरकार से वार्ता की और मांग पत्र सौंपा।

संभावना है कि पेंशन योजना का हल निकलेगा। हल न निकला तो हड़ताल की रणनीति बनेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि रेलवे में निजीकरण नहीं हुआ और न होगा। संगठन निजीकरण का हर स्तर पर विरोध करेगा। वहीं केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रवीणा ने भी मुरादाबाद मंडल के कार्यकर्ताओं की भूमिका की तारीफ की। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए हापुड़ शाखा के शाखा मंत्री राजेश अग्रवाल के संदर्भ में कहा कि ईश्वर उन्हें इसी प्रकार उर्जावाना रखे। केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे ने राजेश अग्रवाल के समर्पण की तारीफ की।

मंडल महामंत्री राजेश चौबे ने सर्वप्रथम महामंत्री को पुनः यह कार्यभार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर हमारा काम हमारी पहचान है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी यूनियन को ढूंढ-ढूंढकर अपने काम गिनवाने पड़ते हैं। कर्मचारी समझदार है, जानता है की कौनसी यूनियन काम करवाती है। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज शर्मा, सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहैल खालिद, राकेश बालोदी, केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रवीणा सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आरके बाली, एके सिंघल, विजयंत शर्मा, मंजू बिष्ट, नरेंद्र त्यागी, दीपक यादव, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, संजय वर्मा, शिवराज सिंह, एके शुक्ला, राजेश अग्रवाल, हरिपाल मीणा, संजय वर्मा शामिल रहे।



महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा का स्वागत करते एनआरएमयू के मंडल मंत्री राजेश चौबे।

**परेशानी** — शनिवार को अमृतसर क्लोन स्पेशल 14 व 12 घंटे की देरी से पहुंची बीकानेर समर स्पेशल, ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री हो रहे परेशान

# भीषण गर्मी में सफर से ज्यादा स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में कट रहा समय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बढ़ती गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों का हाल-बेहाल कर रही है। पिछले कई दिनों से यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। शनिवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाले 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से पहुंची हैं।

अंबाला मंडल में पिछले 20 दिनों से किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को रद किया है तो वहीं काफी ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। जिसके कारण दैनिक व स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई हैं। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद करा रहे हैं। शनिवार को भी अमृतसर क्लोन स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 14 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके इंतजार में यात्रियों का हाल-बेहाल हो गया। इसके अलावा देरी से पहुंचने वाली ट्रेनों में न्यू जलपाईगुड़ी सप्ताहिक, बीकानेर समर स्पेशल, जम्मूतवी समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं।



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

### बसें चुनाव में, परेशानी बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में बसों की ड्यूटी लगने से यात्री परेशान हो रहे है। संभल में होने वाले मतदान के लिए मुरादाबाद क्षेत्र की बसों को चुनाव ड्यूटी में भेजा रहा हैं। जबकि रोडवेज ने बसों के फेरे बढ़ाए है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। जिसके तहत पड़ोसी जिला संभल व मुरादाबाद की दो विधान सभा बिलारी और कुदंरकी में भी मतदान होगा। मतदान को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए फोर्स व पोलिंग पार्टी को ले जाने के लिए प्रशासन व निर्वाचन अधिकारियों कड़े इंतजाम किए है। प्रशासन ने पहले ही यूपी परिवहन निगम व अनुबंधित बसों को अधिग्रहीत कर लिया। मुरादाबाद से बसों के चुनावी ड्यूटी में जाने से यात्रियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है। शनिवार दोपहर पीतल नगरी व मुरादाबाद डिपो पर यात्री बसों की राह देखते नजर आए।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04651 | अमृतसर क्लोन स्पेशल | 14 घंटे 59 मिनट |
| 19601 | न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक | एक घंटा छह मिनट |
| 04722 | बीकानेर समर स्पेशल | 12 घंटे 25 मिनट |
| 14616 | लालकुआं साप्ताहिक एक्सप्रेस | दो घंटे 50 मिनट |
| 14618 | जनसेवा एक्सप्रेस | पांच घंटे 10 मिनट |
| 15097 | जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस | 21 घंटे 55 मिनट |
| 15002 | मुजफ्फरपुर राप्ती गंगा एक्सप्रेस | दो घंटे 36 मिनट |
| 04057 | आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल | छह घंटे 53 मिनट |
| 04003 | नई दिल्ली समर स्पेशल | छह घंटे 44 मिनट |
| 12238 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | तीन घंटे 45 मिनट |
| 05050 | छपरा समर स्पेशल | आठ घंटे 15 मिनट |
| 04311 | देहरादून समर स्पेशल | 11 घंटे 46 मिनट |

# बैंक से पांच लाख का ऋण ले सकेंगे दैनिक वेतनभोगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **20 लाख तक का बीमा कराने को बैंक अधिकारियों ने दी सहमति**

**अमृत विचारः** एमडीए उपाध्यक्ष ने कर्मचारियों का बैंक से 20 लाख रुपये तक का बीमा कराने के लिए बैंक के अधिकारियों ने भी सहमति दी है। जिसके चलते अब दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आसानी से बैंक से पांच लाख रुपये का ऋण ले सकेंगे।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार के समक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार सत्संगी ने कर्मचारियों के हितों के मामलों को रखा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के कर्मचारी लगातार अच्छी सेवा दे रहे हैं। सेवा के बदले उनको मानदेय मिल रहा है, लेकिन कभी-कभी हमारे कर्मचारी विपत्ति का सामना भी करते हैं, ऐसे में उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह आती है। इसके अलावा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का मानदेय कई साल से नहीं बढ़ा है। शासन स्तर से उनका बीमा कराने के लिए चलाई जा रही योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा है। इसके कारण वह मदद के लिए इधर-उधर जाते हैं। जिस पर उपाध्यक्ष शैलेश कुमार द्वारा भरोसा दिलाया कि हम कर्मचारियों के हितों को लेकर काम कर रहे हैं। नई योजनाएं आ रही हैं। इससे शहर का नियोजित विकास होगा। कर्मचारियों के हित के भी काम करेंगे। इसके अलावा एमडीए के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आसानी से बैंक से पांच लाख रुपये का ऋण ले सकेंगे।

## एक नजर

### दूसरे पति ने भी महिला को दिया तलाक, शिकायत

मुरादाबाद, अमृत विचार : तलाकशुदा महिला को उसके दूसरे पति ने भी तलाक दे दिया है। एसएसपी हेमराज मीना ने पाकबड़ा थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि 7 महीने पूर्व उसका निकाह इस्तेखार पुत्र सब्दर के साथ हुआ था। उसकी ससुराल रामपुर जिले के थाना भोट के गांव बास नंगली में है। निकाह से पहले वह तलाकशुदा थी, उसके पूर्व पति से दो बच्चे हैं। इस्तेखार की पहली पत्नी का स्वर्गवास हो चुका था। पहली पत्नी से इस्तेखार ने अपने चार बच्चे होना बताया था लेकिन, जब वह निकाह के बाद ससुराल गई तो उसे पता चला कि उसके पति के चार नहीं, कुल 7 बच्चे हैं। पीड़िता का आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद से ही उसका पति, सास, देवर दहेज में दो लाख रुपये नकद की मांग करने लगे थे। इसके लिए वह आए दिन उससे मारपीट भी करते थे। पीड़िता ने बताया कि 2 मई को उसका पति इस्तेखार कई लोगों के साथ उसके कमरे में घुस आया और गालियां देते हुए मारपीट की। बाद में लोगोंके आने पर आरोपी मौके से भाग गए। इस दौरान उसके पति ने तीन बार तलाक भी कह दिया। पीड़िताने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



अखिलेश वर्मा की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित साहित्यकार व अन्य।

## ... कुछ इस तरह होश उड़ाकर चले गए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : स्वतंत्रता सेनानी भवन में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा में साहित्यकारों व रचनाकारों ने साहित्यकार अखिलेश वर्मा को नमन किया।

महानगर के प्रसिद्ध गजलकार व लघुकथा लेखक अखिलेश वर्मा का पिछले दिनों बरेली में दुर्घटना में असमय निधन हो गया था। उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा में साहित्यकारों ने उनके साथ अपने संस्मरणों को साझा किया। कवि दुष्यंत ने कहा कि अखिलेश वर्मा का असमय चले जाना साहित्य एवं मानवता दोनों के लिए क्षति है। वरिष्ठ नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कहा कि अखिलेश वर्मा ने अल्प समय में ही साहित्य को बहुत कुछ दिया। वह अपनी उत्कृष्ट रचनाओं में अमर रहेंगे। राजीव प्रखर, कवयित्री डॉ. अर्चना गुप्ता, वरिष्ठ शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज ने भावुक होकर उन्हें याद किया। कवि राशिद हुसैन, रघुराज सिंह निश्चल, मनोज मनु, मीनाक्षी ठाकुर, डॉ. मनोज रस्तोगी, युवा कवि आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, वरिष्ठ कवि श्रीकृष्ण शुक्ल, सामाजिक कार्यकर्ता धवल दीक्षित, रंगकर्मी राजेश सक्सेना के अलावा उनके परिवार के सदस्य बड़े भाई अवनेश वर्मा, अशोक वर्मा, इंदु वर्मा, पुत्र लक्ष्य वर्मा, भतीजे ऋषभ वर्मा ने भी नमन कर श्रद्धांजलि दी।

### 11 मार्च को विजिट वीजा पर दुबई गया था मुशाहिद, वहां नहीं मिला काम

## दुबई में फंसा पति, पत्नी ने लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**धोखाधड़ी**

- विदेश में नौकरी पाने को जालसाज को दिए थे रुपये, अब आरोपी भी भाग गया सऊदी अरब

अमृत विचार : मुशाहिद हुसैन पिछले एक महीना 25 दिन से दुबई में फंसा है। उसका विजिट वीजा समाप्त होने वाला है। उसे वहां पर कोई काम नहीं मिला है। उसके पास अब रुपये भी नहीं बचे हैं, उसकी पत्नी काफी परेशान है। मुशाहिद भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव हटहट का रहने वाला है। आरोप है कि कुंदरकी थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी युवक की बातों में आकर मुशाहिद अधिक सैलरी के लालच में दुबई गया था। इस पूरे मामले में पीड़ित की पत्नी फरजाना ने एसएसपी से मदद की गुहार लगाई है। एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं।

दुबई में फंसे मुशाहिद को वापस भारत लाने के लिए फरजाना ने पहला कदम उठाते हुए शनिवार को एसएसपी से गुहार लगाई है। उसने एसएसपी को बताया है कि कुंदरकी थाना क्षेत्र के जलालपुर का युवक काफी शातिर है। उसने उनके पति को नर्सिंग होम पर काम दिलाने के लिए 11 मार्च को दुबई भेजा था। विदेश भेजने से पहले आरोपी ने उनके पति से 1.60 लाख रुपये लिए थे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके पति से कहा था कि वह दुबई में दो-चार दिन में काम दिला देगा। फिर विजिट वीजा में संशोधन कराकर वर्क वीजा कर देगा। दुबई में 40,500 की सैलरी भी दिलवाएगा। लेकिन, फरजाना का कहना है कि दुबई गए उसके पति को एक महीना 25 दिन हो गए हैं। अब तक न तो उन्हें वहां पर कोई काम मिला है, न ही उनके रहने की कोई व्यवस्था है और खाने तक के पैसे उनके पास नहीं बचे हैं।

विजिट वीजा भी खत्म होने वाला है। यही नहीं, आरोपी भी सऊदी अरब भाग गया है। पीड़िता ने एसएसपी से कहा है कि वह गरीबी हाल में अपने दो बच्चों के साथ किसी तरह से गुजर-बसर कर रही है। पीड़िता ने एसएसपी को ये भी बताया है कि वह आरोपी के घर गई थी तो उसकी पत्नी, मां, भाई और बेटे ने उसके साथ गाली-गलौज की और घर से भगा दिया। उधर, इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि उन्होंने कुंदरकी थानाध्यक्ष को तत्काल मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।


# 20 हजार नहीं दिए तो रोक दी पीएम आवास की तीसरी किस्त

### पंचायत सचिव की मनमानी से मुस्तफाबाद की शमीम जहां के आवास का निर्माण लटका, सेक्टर प्रभारी की रिपोर्ट के अनुसार विभाग में दर्ज है पूरा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दरअसल गरीबों को घर देने वाली पीएम आवास योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि घूसखोरी के चक्कर में शासकीय योजनाओं का लाभ अपात्रों को देने से भी नहीं चूक रहे। बस उन्हें उनके हिस्से की रिश्वत मिल जाए। पात्र-अपात्र से उन्हें कोई मतलब नहीं। अधिकारी-कर्मचारियों ने अपात्रों को लाभार्थी बनाने के एवज में खूब पैसा वसूला है। पात्रों के रिश्वत न देने पर किस्त पर रोक लगाने का भी मामला उजागर हो रहा है। योजना में लाभार्थियों की जांच करने में एडीओ पंचायत व सचिवों ने पैसे देने वालों के लिए मानकों की खूब अनदेखी की है।

भैंसिया गांव की खुर्शीदा को ही ले लीजिए। वह झोपड़ी बनाकर गांव में रहकर किसी तरह गुजर-बसर कर रही थी। ग्राम प्रधान ने इसे भी नहीं छोड़ा और पात्र होने के बावजूद उससे 10 हजार रुपये लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्की छत का इंतजाम किया। मुस्तफाबाद गांव की शमीम जहां का प्रधानमंत्री आवास निर्माणाधीन है। अब वह पंचायत सचिव को 20 हजार रुपये नहीं दे पाई तो उसने उसके आवास की तीसरी किस्त ही रोक दी। ऐसे में शमीम जहां के आवास का निर्माण अधर में लटक गया। हालांकि जिला ग्राम्य विकास विभाग के दस्तावेजों आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। ताजपुरमाफी गांव के पंचायत सचिव और सेक्टर प्रभारी ने अफसाना पत्नी लियाकत का नाम पीएम आवास योजना में नाम दर्ज किया है। जबकि इस नाम की किसी लाभार्थी के गांव में रहने की पुष्टि ग्रामीणों नहीं कर पाए।


भैंसिया में पीएम आवास योजना से तैयार खुर्शीदा बेगम का मकान।


मुस्तफाबाद में अपने मकान पर जानकारी देती शमीम जहां।

**केस-1** मुस्तफाबाद गांव में प्रधानमंत्री आवासीय योजना में सर पर छत आने के लिए शमीम जहां ने आवेदन किया था। शमीम जहां ने बताया कि मकान का निर्माण अभी अधूरा पड़ा है। उसका कहना है कि अब पंचायत सचिव ने कहा कि तीसरी किस्त के लिए 20 हजार रुपये देने होंगे तब वह मिल सकेगी। मेरे पति रिक्शा चलाते है। मेरे बहुत प्रयास करने बाद भी पैसों की व्यवस्था नहीं हो पाई तो मेरे आवास की तीसरी किस्त ही रोक दी। जिसकी वजह से आवास का निर्माण में अधर में पड़ा है।

**केस-2** गांव ताजपुर माफी में जिला ग्राम्य विकास विभाग की पीएम आवास योजना के अंतर्गत अफसाना पत्नी लियाकत को आवासीय योजना की किस्त दी गई थी। गांव में पता करने पर किसी ग्रामीण ने भी अफसाना पत्नी लियाकत के गांव में रहने या होने की कोई पुष्टि नहीं की। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से लाभार्थियों के चयन में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अनदेखी की गई है।

> पीएम आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली किस्त की एवज में पैसे लेने और पैसे न मिलने पर किस्त पर रोक लगाने की तत्कालीन सचिवों की शिकायतें मिली हैं। ऐसे सभी मामलों की जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –सतीश प्रसाद मिश्र, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य अभिकरण

**केस-3** गांव भैंसिया की रहने वाली खुर्शीदा पत्नी इलियास ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास के निर्माण के लिए तीनों किस्तें मिल चुकी हैं। उसने बताया कि ग्राम प्रधान ने फार्म भरवाने के लिए 10 हजार रुपये लिए थे। जिससे हमारा काम हो गया।

## जेई निलंबन मामले में कमेटी करेगी जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ठेकेदार को भुगतान मामले में तत्कालीन एसडीओ के खिलाफ भी कार्रवाई तय

अमृत विचार : बिना सामान लिए ठेकेदार को भुगतान करने वाले दो विद्युत केंद्रों पर तैनात जेई के निलंबित होने के बाद अब तत्कालीन एसडीओ भी कार्रवाई के घेरे आ चुके हैं। विभाग के द्वारा दोनों को जेई को चार्ज सीट जारी की गई। विभाग के आला अधिकारियों ने मामले की हकीकत को गहराई से जानने के लिए दो एसडीओ एक अधिशासी अभियंता समेत तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। हालांकि टीपीनगर के जेई ने अपने निलंबन को आला अधिकारियों का षड्यंत्र बताया है। उनके मुताबिक उन पर लगे आरोपों को बिना बताए ही निलंबित कर दिया है। वहीं एसडीओ लोकोशेड के मुताबिक निरीक्षण के दौरान टीम को लगाई गई डिवाइस फुंक जाने के कारण नहीं मिली।

क्षमता वृद्धि को लगाए गए उपकरणों की जांच करने मेरठ से आए अधीक्षण अभियंता पंकज अग्रवाल एक मई को मुरादाबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुरादाबाद के कई स्थानों लगाए गए अधिक क्षमता वाले उपकरणों की जांच की। टीपीनगर उपकेंद्र के जेई कुंवर क्रांति कुमार द्वारा इस्लाम नगर में लगाए उपकरण मौके पर नहीं मिले। जिनका भुगतान भी ठेकेदार को हो चुका था। लोकोशेड के दीप बंधु पुरम में लगी डिवाइस मौके पर जांच टीम को नहीं मिली। जिसके भुगतान के बारे पूछने पर पता चला कि भुगतान हो चुका था। जिसको लेकर दोनों जेई को विभाग द्वारा निलंबित किया गया था। टीपी नगर जेई ने विभागीय अधिकारियों पर षड्यंत्र से निलंबित करने आरोप लगाया है। उनके मुताबिक कार्य के एस्टीमेट की एमबी पर उनके अलावा एसडीओ और अधिशासी अभियंता के भी हस्ताक्षर हुए हैं तो फिर भुगतान करने में अकेले कार्रवाई क्यों की गई।वहीं मुख्य अभियंता आरके बंसल का कहना कि संबंधित एसडीओ पर भी इसमें दोषी होने पर कार्रवाई की जाएगी।वहीं जेई न्यायालय की शरण में जाने की बात कह रहे हैं। एसडीओ पीली कोठी राणा प्रताप ने बताया कि टीम के निरीक्षण के दौरान क्षमता वृद्धि के लिए लगाई डिवाइस मौके पर लगी नहीं मिली। हालांकि डिवाइस लगाई गई है। कुछ दिन पहले फुंक जाने के कारण मौके पर आई जांच टीम को नहीं मिली।

> मेरठ से आई जांच टीम को मौके पर उपकरण नहीं मिलने पर दो जेई निलंबित किया गया है। इसको लेकर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बैठाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –आरके बंसल, मुख्य अभियंता, विद्युत मुरादाबाद मंडल

## ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर राजस्व विभाग की टीम कड़ी कार्रवाई की है। पूर्व में भी राजस्व विभाग की टीम ग्राम समाज की भूमि को कब्जाधारियों से मुक्त करा चुकी है।

शनिवार को नगर पंचायत में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के आदेश पर गाटा संख्या 166 नंबर की राजस्व विभाग की टीम द्वारा पैमाईश की गई। जिसमें 40 बीघा जमीन कब्जाधारियों से मुक्त कराई है। जिसमे जेसीबी द्वारा खंबे लगाकर भूमि को नगर में स्थित कान्हा गोशाला के पशुओं का चारा बोने के लिए भूमि दे दी गई है। वही लेखपाल नवीन कुमार व लेखपाल सर्वेश कुमार ने बताया कि यह 40 बीघा भूमि ग्राम समाज की थी। जिसे कब्जाधारियों से मुक्त कराकर जेसीबी द्वारा खंबे लगवाकर नगर में बनी कान्हा गोशाला के पशुओं का चारा बोने के लिए चिह्नित कर दी गई है।

## पक्षियों को पानी पिलाने को बांटे मिट्टी के बर्तन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट को पक्षियों को पानी पिलाने के लिए मिट्टी के सकोरे ( बर्तन ) वितरित किए गए। एनसीसी अधिकारी मेजर राजीव ढल ने बताया कि इस समय गर्मियां बढ़ चुकी हैं और इन गर्मियों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। तालाब सूख गए हैं और जगह-जगह कंक्रीट के जंगल बन गए हैं। इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी न मिलने के कारण उनका जीवन खतरे में है और बहुत सी पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों को पक्षियों को पानी दे एक नई जिंदगानी दे के अभियान के अंतर्गत मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए और सभी एनसीसी कैडेटों ने संकल्प लिया कि वह अपनी छतों पर इन सकोरों में पानी भरकर पक्षियों के लिए रखेंगे। जिससे कि इस भीषण गर्मी में उनका जीवन बचाया जा सके।

मेजर ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान चलाए जाएंगे जिससे पक्षियों को संरक्षित किया जा सके। अन्य पशुओं को भी पानी पिलाने की व्यवस्था की जाएगी और प्रयास किया जाएगा पशुओं को भी पानी पिलाने के लिए बड़े ड्रमों की व्यवस्था की जा सके। यह अभियान सामाजिक संस्थाओं से मिलकर भी चलाया जाएगा। इस मौके पर सावन कुमार, विशाल कुमार, रेहान अहमद, सत्यम सिंह, योगेश कुमार, सिद्धार्थ, सक्षम अग्रवाल, अनुराग, उदयवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

## साली को लेकर भाग रहे जीजा को परिजनों ने जमकर धुना

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : साली को लेकर भाग रहे जीजा को उसकी ससुराल और घर वालों ने पीछा कर पाकबड़ा में धर दबोचा। यहां लात-घूसों और थप्पड़ों से उसकी जमकर धुनाई की। मौका देख राहगीरों ने भी उस पर हाथ साफ किया। राहगीरों को भी पीटते देख आरोपी के परिजन ने उनका विरोध किया और कहा, ये हमारी रिश्तेदारी का मामला है।

यह वाकया शनिवार दोपहर का है। दिल्ली रोड पर पाकबड़ा में पेट्रोल पंप के किनारे पर जीजा-साली को भागते हुए परिजनों ने देख लिया। फिर उसे पीछा कर पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया था। परिजनों ने बताया कि 27 अप्रैल को युवक अपनी साली को लेकर फरार हो गया था। उसकी ससुराल और घर वाले उन दोनों की तलाश में ही घूम रहे थे। वैसे इस मामले की सूचना परिजनों ने थाने पर भी दे रखी थी। परिजनों ने बताया कि दोपहर में युवक से फोन पर बात हुई, उसकी लोकेशन पूछी तो बोला वह पाकबड़ा में सीएनजी पेट्रोल पंप पर है। जहां ससुराल व उसके घर वाले पहुंचे थे लेकिन, वह वहां नहीं मिला। काफी देर तक इंतजार के बाद वे लोग पाकबड़ा कस्बे की ओर आ गए थे। इसी दौरान युवक-युवती (जीजा-साली) महानगर से ऑटो से पाकबड़ा में पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे। ऑटो से उतर हाईवे क्रॉस कर दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े पैदल एमडीए की ओर जा रहे थे। इसी दौरान युवती की दादी ने देख लिया और अपने साथ के लोगों को बताया। जिस पर युवती व युवक के घर वालों ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। परिजन युवक-युवती को लेकर मौके से निकल गए थे। इन लोगों ने पाकबड़ा थाने में कोई तहरीर भी नहीं दी है।

**परेशानी** पीटीसी, पीलीकोठी, टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र पर एक ही लाइन से हो रही विद्युत आपूर्ति

## फाल्ट से 20 हजार उपभोक्ताओं ने झेला बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार की दोपहर एक बजे सीएल गुप्ता फीडर पर इंसुलेटर फुंक जाने से पीटीसी, पीलीकोठी व टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुड़े 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति लगातार 4:00 बजे तक ठप रही।

स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते पिछले सप्ताह से 133 केवी की पीटीसी विद्युत केंद्र की लाइन से ही पीलीकोठी और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्रों पर 133 केवी लाइन की सप्लाई की अस्थायी व्यवस्था चल रही है। जिससे तीनों विद्युत केंद्रों में किसी एक पर भी फाल्ट होने की दशा में भारी संख्या उपभोक्ताओं को बिजली कटौती संकट झेलना पड़ रहा। वहीं टाउन हॉल विद्युत केंद्र क्षेत्र बुध बाजार में 11 केवी लाइन का पोल टूटने से रात दो बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे इस उपकेंद्र से जुड़े कई मोहल्ले के उपभोक्ताओं की कई घंटे लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रही।


फाल्ट को सही करता कर्मचारी।

शनिवार को आशियाना से लेकर पीलीकोठी और स्टेशन रोड से लेकर प्रिंस रोड तक 20 हजार उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई दोपहर एक बजे ठप हो गई। जिससे हरथला, आशियाना, अवंतिका, नवीननगर, कमिश्नर आवास मार्ग, पीलीकोठी, टाउनहाल, जेल रोड, स्टेशन रोड, ताड़ी खाना, टाउनहॉल, मानपुर, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर, बुधबाजार प्रिंस रोड के उपभोक्ताओं को एक बजे से 4 बजे तक बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा। विभाग में उपकरणों के आधुनिकीकरण के बाद भी पिछले सप्ताह से बड़ी आबादी वाले तीनों विद्युत केंद्रों की व्यवस्था भगवान के सहारे चल रही है। बिजली विभाग की इस व्यवस्था में किसी विद्युत केंद पर फाल्ट होने की स्थिति में एक साथ 20 हजार से अधिक को बिजली कटौती मार झेलनी पड़ रही है। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारी कोई पुख्ता इंतजाम करने विफल होते दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं टाउनहाल विद्युत केंद्र के बुधबाजार क्षेत्र में 11 केवी का पोल शुक्रवार की रात दो बजे ट्रक की टक्कर से टूट गया। जिससे आधी रात के बाद सुबह सात बजे तक बिजली व्यवस्था ठप रही। एसडीओ नागेंद्र सिंह ने बताया कि रात को ही पोल गिरने की सूचना मिल गई थी। हाईटेंशन लाइन होने के कारण रात को फाल्ट सही होने में समय लग गया। जिससे सुबह सात बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई।

> पीटीसी विद्युत केंद्र से पीलीकोठी और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्रों को 133 केवी की सप्लाई दी जा रही है। जल्द ही दोनों विद्युत की लाइन अलग कर दी जाएगी।
> –सुधाकर कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम



## एक नजर

### बाइक सवारों ने स्कूटी में मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बाइक सवार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली के ग्राम रतूपुरा निवासी कलीम रजा पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम रतूपुरा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 20 अप्रैल को वह अपने नाना शकील पुत्र तौफीक निवासी ढकिया थाना डिलारी के साथ स्कूटी से ग्राम पीपली अहीर से रतूपुरा जा रहा था। रामनगर खागूवाला के निकट तेज गति बाइक सवार मोहसिन पुत्र हसमत निवासी वार्ड-4 ठाकुरद्वारा और सलीम ने टक्कर मार दी। इसमें उसके नाना गंभीर रूप से घायल हो गए। उसकी तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### छात्राओं को दी जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में कोतवाली बिलारी की ओर से शक्ति दीदी अभियान के तहत गुड टच व बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया कि किसी भी घटना आदि पर उसे छुपाए नहीं बल्कि अपने माता-पिता को जानकारी दें। एसआई मीनू चौधरी, अनु चपराना, निशि चौधरी, कांस्टेबल डोली आदि मौजूद रहे।

# गर्मी से बुखार, उल्टी-दस्त का बढ़ा प्रकोप

## सरकारी और निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जैसे-जैसे गर्मी की तपन बढ़ती जा रही है। उसके साथ ही संक्रामक रोगों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित मरीजों की भीड़ बढ़ी रही है। चिकित्सक भी इलाज करते हुए मरीज को स्वास्थ्य के प्रति खानपान में एहतियात बरतने व सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

मई की शुरुआत में ही मौसम का मिजाज तेजी से बदलना शुरू हो गया है। सवेरे से ही चिलचिलाती धूप से लोग पसीने में तरबतर नजर आ रहे हैं। वहीं देर रात में मौसम में थोड़ी ठंडक महसूस हो रही है। इसी तरह से मौसम के कारण बीमारियां भी पनप रही हैं। दोपहर होते ही तेज हवा व लू की लपटों ने घर से बाहर निकलते ही लोगों को परेशान करना शुरू



ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीज।

कर दिया है। इसी कारण से बुखार, उल्टी और दस्त की चपेट में लोग आ रहे हैं। आलम यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज इन्हीं बीमारियों के पहुंच रहे हैं। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में मरीजों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं निजी चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की भीड़ दिखाई दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधा दर्जन लोगों को उल्टी और दस्त के कारण भर्ती कराया गया। शनिवार को 210 रोगियों ने अपने पंजीकरण कराए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि गर्मी में बाहर का खाना न खाएं। फास्ट फूड मिर्च-मसाले और चिकनाई से परहेज करें। तले भुने भोजन से जितना हो सके बचा जाए। घर से पानी पीकर बाहर निकले। पानी उबालकर ठंडा करके पिये। दोपहर के समय तेज धूप में न निकले। उन्होंने सलाह दी कि अपने बच्चों पर सावधानी बरतें।

### गर्मी और उमस ने लोगों को किया बेहाल

**छजलैट, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। शनिवार को दिन भर लोग गर्मी और उमस के चलते बेहाल रहे। शाम को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। सुबह से ही तेज धूप के चलते लोग परेशान नजर आए। वहीं दोपहर होने पर गर्मी के साथ-साथ उमस ने लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी। दिनभर लोग गर्मी से परेशान होते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल सकी। भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा, वहीं बाजार में भी पूरे दिन ग्राहक नहीं दिखाई दिए। व्यापारी खाली बैठे देखे गए।

### ट्रक मालिक ड्राइवर की पत्नी को लेकर फरार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना कुंदरकी क्षेत्र के अंतर्गत ट्रक मालिक अपने ही ड्राइवर की पत्नी को लेकर हुआ फरार। पीड़ित ने थाने पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार। पुलिस कर रही है मामले की जांच।

जानकारी के अनुसार एक गांव से एक बच्ची की मां ड्राइवर की पत्नी पर उसी का गाड़ी मालिक गंदी नजर रखता था। धीरे-धीरे उसेक ड्राइवर की पत्नी से प्रेम प्रसंग हो गए। फिर ड्राइवर की पत्नी जोकि एक बच्ची की मां है, बच्ची सहित उसको भगा कर ले गया। पीड़ित ने थाना कुंदरकी में गाड़ी मालिक के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित पति ने बताया कि 2 मई को वह दवा लेने गया हुआ था और उसकी मां पड़ोस के ही गांव में गई थी। जब उसकी मां घर पहुंची तो देखा कि उसकी बीवी घर से बच्ची समेत गायब है। घर में रखे हुए 30 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवरात भी गायब थे। जानकारी पर पता चला है कि ग्राम असदपुर थाना मैनाठेर निवासी गाड़ी मालिक उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया है। पीड़ित पति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सीएचसी की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन युवा ने सीएचसी में अनियमितताओं व मरीजों की समस्याओं के संबंध में चिकित्साधीक्षक को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन युवा द्वारा चिकित्साधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि अस्पताल में समय पर चिकित्सक उपस्थित नहीं होते हैं, जिस कारण मरीजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल में वाहनों के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। अस्पताल परिसर में बहुत गंदगी रहती है। अस्पताल में मरीजों के लिए गर्मी के मौसम में पानी की भी कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। बताया कि गरीब तबके के लोग अस्पताल में दवा लेने आते हैं जहां चिकित्सक बाहर से दवा लाने के लिए लिख देते हैं। ज्ञापन में दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध कराने, शौचायलयों को साफ करने तथा विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रिंस चौधरी, कुलदीप चौधरी, हैप्पी बिश्नोई, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद शैफ, मोहम्मद आसिफ, विपिन कुमार, मनी चौधरी, निशांत चौधरी, अंश चौधरी, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम से की समस्याओं के समाधान की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगर की समस्याओं से अवगत कराया हैऔर इनकी जांच कराकर शीघ्र समाधान की मांग की है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नगर में अंबेडकर पार्क के निकट नगर पालिका ने रोड किनारे एक प्रचार का पोल लगवाया है जबकि उसके निकट बिजली का जर्जर पोल खड़ा है, जो गिरने की स्थिति में है और हादसे का सबब बन सकता है। दूसरे नगर पालिका के वाटर कूलरों से गंदा पानी निकल रहा है, जिसको पीकर राहगीर बीमार हो सकते हैं। ई-रिशाओं का संचालन ठीक से नहीं होने की वजह से नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके साथ की नगर में मच्छरों का प्रकोप है। नालियों में गंदगी की वजह से मच्छरों की तादाद बढ़ती जा रही है। साथ ही उन्होंने शनिवार के दिन बाजार में ई रिक्शा व बड़े वाहनों पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है ताकि शनिवार के कपड़ा बाजार के दौरान मार्ग पर जाम न लग सके ।

### अभा क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक अनिल चौहान के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप क्षत्रिय महासभा के आदर्श हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। बैठक में 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई और बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में इस अवसर पर सेवानिवृत कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार चौहान ने कहा कि हमें अपने आदर्श महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर वीरेंद्र चौहान, डॉक्टर अशोक चौहान, डॉक्टर पृथ्वी सिंह चौहान, विनीत चौहान, अमरपाल सिंह, निखिल कुमार, जोगिंदर सिंह आदि क्षत्रिय समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



ठाकुरद्वारा के सूरजन नगर में सत्संग सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मानव शरीर किराए का घर, सांसें उसकी पूंजी: उमाकांत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** परम संत बाबू उमाकांत महाराज ने कहा कि मानव शरीर किराए का घर है, जिसमें सांसों की पूंजी गिनकर खर्च करने के लिए मिली हैं। शरीर को सुखी संपन्न बनाने के लिए सारा श्वास खत्म कर दिया तो कर्मों के अनुसार नरक चौरासी में भेज दिए जाएंगे। सुरजन नगर स्थित राजपूताना फार्म हाउस पर सत्संग में बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि मनुष्य शरीर देह दुर्लभ है। जब तक जीवित रहें सुखी संपन्न रहे और अंत में मोक्ष प्राप्त हो जाए। इसके लिए किसी समर्थ गुरु का सहारा लेना उचित होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर में ही भगवान का दर्शन होता है। इसमें किसी जीव, पक्षी, पशु आदि का मांस डालकर दूषित नहीं करें। इसलिए सभी मनुष्यों को शाकाहारी भोजन करना चाहिए।





एसएमएस वेदजी पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने फन फेयर गिलास एक्टिविटी में लिया भाग

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित एसएमएस वेद जीपब्लिक स्कूल में एनसी, एलकेजी,यू केजी में फन फेयर ग्लास एक्टिविटी का आयोजन किया गया। शनिवार को विद्यालय में फन फेयर गिलास एक्टिविटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे क्लास के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में रितु, अर्चना, रश्मि, कशिश, अनुपम, अनीता रानी, शताक्षी, सोनिया चंद्रा आदि का योगदान रहा। प्रतियोगिता में एनसी क्लास में प्रथम स्थान जकरान, तथा वासु ने पाया, सेकंड स्थान प्रतीक्षा, एलकेजी में प्रथम स्थान रॉबिन और द्वितीय स्थान रिया ,एलकेजी में जारा ने प्रथम और द्वितीय स्थान राजा ने पाया।





सेवानिवृत होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित करते अधिकारी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**बिलारी, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना बिलारी में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सीडीपीओ द्वारा सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। इस मौके पर परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सीडीपीओ सुरेन्द्र पाल सिंह द्वारा शॉल ओढ़ाकर व उपहार भेंट किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकत्री रामा देवी टाण्डा अमरपुर, मधुबाला बरौली रुस्तमपुर, राकेश देवी नियामतपुर, कुसमलता सिहाली माला, अच्छन सिहाली माला, पुष्पा यादव मल्लपुर जह्नु, अनिता शर्मा रोजा, शीला चिड़िया भवन 8 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# बाइक चोरी का मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

- लोगों ने चोरी हुई बाइकों को बरामद किए जाने की मांग की

**अमृत विचार :** आयशा मैरिज हाल से चोरी हुई बाइक तो पुलिस ने बरामद कर ली, लेकिन पुलिस को चकमा देकर फरार बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जिसकी वजह से चोरी की बाकी घटनाओं का खुलासा नहीं हो पा रहा है। अब तक आधा दर्जन लोग अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की सूचना देकर बाइक बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

शरीफनगर में आयशा मैरिज हाल से 24 अप्रैल को शादी समारोह के दौरान उत्तराखंड के अभयराजपुर निवासी निसार अहमद की बाइक चोरी हो गई थी। बदमाशों ने बाइक का हुलिया बदलकर बेचने का प्रयास किया तो बाइक स्वामी को पता चल गया। बाइक स्वामी ने बीते बुधवार की शाम एक बदमाश के घर पहुंचकर बाइक का सौदा कर लिया। इस बीच पीछे से पुलिस पहुंच गई तो बदमाश बाइक समेत फरार हो गए। पुलिस ने चोरी गई बाइक तो गांव के पृथ्वी सिंह से बरामद कर उसे जेल भेज दिया, लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस बीच करीब आधा दर्जन लोगों ने मैरिजहाल समेत सार्वजनिक स्थलों से बाइक चोरी की सूचना पुलिस को देकर बरामदगी की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि बाइक चोरी में शरीफ नगर के महफूज और शावेज के नाम प्रकाश में आए हैं। उनकी गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

### रिश्ते की साली को लेकर फरार हुआ जीजा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिश्ते का जीजा अपनी साली को लेकर रफू चक्कर हो गया पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने थाना कुंदरकी में तहरीर देते हुए बताया है कि उसके घर पर उसके साले के दामाद का आना-जाना था इसी दौरान उसने उसकी पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। बताया कि 1 मई को उसकी पुत्री कुंदरकी से दवाई लेने को कहकर घर से गई थी वहां से मुरादाबाद निवासी उसका ममेरी बहन का पति रिश्ते उसका जीजा उसे अपने साथ लेकर फरार हो गया उसकी पुत्री घर से सोने चांदी के जेवरात और रिश्ते के लिए घर में रखे हुए 92 हजार रुपये भी ले गई। आरोप लगाया है कि उसके इस काम में उसके दो भाई भी शामिल थे। पीड़ित पिता ने पुलिस न्याय की गुहार लगाई है।

# परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज के लोगों में संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज से ग्राम भैंसली जमालपुर, रुस्तमपुर, एदलपुर, ढाकी आदि ग्रामो में जनसम्पर्क किया। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी। इससे पूर्व 8 मई को पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला मौहल्ला विशनपुरा में कार्यक्रम शुरू होगा। 8 को सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक समाज की महिला पुरुष प्रभात



जनसम्पर्क करते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

- लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की

फेरी निकालकर भगवान परशुराम का प्रचार प्रसार करेंगे। उसके बाद सुबह 10:00 बजे से भगवान हनुमान जी की प्रसन्नता के लिए सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा ग्राम पापड़ी की टीम के द्वारा किया जाएगा। देर शाम लगभग 6:00 बजे से हरिद्वार के प्रसिद्ध भजन गायक पंडित राहुल शर्मा की टीम द्वारा भजन संध्या का सुंदर और भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 मई को सुबह 6 से 8 प्रभात फेरी के बाद 10:00 बजे से गायक कलाकार द्वारा भगवान परशुराम से संबंधित भजन होंगे। 10 मई को सुबह धार्मिक आयोजन शुरू होंगे।

इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा एदलपुर, अनिल शर्मा ग्राम ढाकी, बाबूराम शर्मा, डालचंद शर्मा, ओमकार शर्मा ग्राम भेंसली जमालपुर, यशपाल शास्त्री, केशव शर्मा, रामपाल शर्मा, कपिल शर्मा, ज्ञान प्रकाश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कमल शर्मा, अशोक आदि मौजूद रहे।

### दंपती से गाली-गलौज महिला पर किया हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वैवाहिक कार्यक्रम में गए दंपती से गाली गलौज के बाद पीड़ित की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला के ससुर की तहरीर पर मुगलपुरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मुगलपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोका शाह वाली गली निवासी अफजाल उर्फ नन्हे ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि 2 मई की रात करीब 9 बजे वह बेटे सरफराज और बहू नूरबानो के साथ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी हॉल के बाहर कटघर के पीरजादा निवासी अरशद ने अपनी स्कूटी से साइड मार दी। विरोध पर आरोपी ने सरफराज और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज की। व विरोध पर उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाजार गंज में ई-रिक्शा से लगता है जाम, परेशानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के बाजार गंज में सड़क पर ई-रिक्शाओं की वजह से अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

रोजाना दिन भर बाजार में राहगीर जाम से जूझते रहते हैं। हालांकि जाम से निपटने के लिए नगर पालिका ने फड़ों की सीमा रेखा निर्धारित की है, इसके बावजूद भी फड़ लगाने वाले निर्धारित सीमा से बढ़ाकर अपना फड़ लगा देते हैं । वहीं पुलिस प्रशासन भी इस ओर से मूक दर्शक बना । जबकि नगर में लेपर्ड की ड्यूटी लगाई जाती है ताकि पुलिस कर्मी नगर में होने वाले जाम अतिक्रमण को हटा सकें , लेकिन यहां नियम कानून ताक पर रखे हैं। इसलिए ई-रिक्शा चालक हो या फड़ लगने वाले दिन प्रतिदिन अतिक्रमण करते जा रहे हैं। जिससे जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही



बाजार गंज में लगा जाम।

है। जिससे व्यापारी वर्ग के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से आने वाली जनता को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।

व्यापारियों का कहना है कि न तो ठेला पटरी वाले निर्धारित स्थान पर फड़ लगाते हैं और न ही पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान दे पाता है। नतीजा, रोज लोग जाम की समस्या से जूझते हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने पुलिस प्रशासन से बाजार गंज में रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

### नाली निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का विरोध

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर में चल रहे नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाई जा रही हैं। जिसका मोहल्ला वासियों ने विरोध किया। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख में नाली निर्माण कार्य चल रहा हैं। जिसमें बिना रोड़ी डाले ही सिर्फ मिट्टी पर मसाला डाल कर निर्माण किया जा रहा हैं। जिससे कुछ दिन में ही नाली फिर से टूट जाएगी और नालियों का गंदा पानी घरों में भर जाएगा। नाली निर्माण कार्य कर रहे मिस्त्री ने बताया कि हमसे जैसा ठेकेदार ने कार्य करने के लिए कहा है। हम वैसा ही कार्य कर रहे हैं। वही मोहल्ला निवासी डॉ. केपी सिंह का कहना है कि नाली बनने से पहले ही टूट रही हैं तो बनने के बाद क्या रुकेगी। वही सुपरवाइजर रामेंद्र सिंह ने बताया कि नाली निर्माण कार्य में रोड़ी नहीं डाली गई हैं। निर्माण सामग्री भी ठीक लगाई जा रही है।

# टीम ने पकड़ा 2700 क्विंटल गेहूं का अवैध भंडारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- बिलारी तहसील के कुंदरकी में गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण पर हुई छापेमारी

**अमृत विचार :** सरकारी गेहूं खरीद की मंशा को कई आढ़ती व राइस मिलर्स नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई के लिए टीम छापेमारी कर रही है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह की टीम ने शनिवार को कुंदरकी क्षेत्र में छापेमारी कर 2700 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया है। जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

टीम ने मंडी सचिव व मंडी निरीक्षक के साथ पहले हसन ट्रेडर्स कुन्दरकी के यहां छापेमारी की। यहां से 500 क्विंटल से अधिक गेहूं का भंडारण किया गया पाया गया। फर्म के प्रोपराइटर कोई कागजात नहीं दिखा पाए थे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण में कार्रवाई के दौरान विपणन निरीक्षक बिलारी-कुंदरकी के अलावा कुंदरकी के चौकी इंचार्ज भी मौजूद रहे। इसी क्रम में टीम ने एमएच राइस मिल कुंदरकी पहुंची।

इसके प्रोपराइटर मुजम्मिल सेठ हैं। यहां पर भी टीम ने गेहूं भंडारण पाया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा सूर्या राइस मिल कुंदरकी में भी टीम ने कार्रवाई की। यहां 2200 क्विंटल गेहूं पाया गया। हालांकि प्रोपराइटर मेहंदी हसन ने बताया कि उनके फर्म पर अवैध रूप से गेहूं का भंडारण नहीं किया गया है।

# बिजली कनेक्शन देने के नाम वसूली करने का आरोप

संवाददाता, डिलारी

**शिकायत**

- पैसे न देने पर कमी दिखाकर करते है आवेदन निरस्त करने की संस्तुति

**अमृत विचार :** क्षेत्र में विद्युत विभाग की मनमानी जारी है। जहांगीरपुर फीडर पर बिना मीटर लगाए उपभोक्ताओं से मनमाना चार्ज वसूला ही जाता है, नए कनेक्शन के आवेदकों से भी सत्यापन के नाम पर धन उगाही के आरोप उपभोक्ताओं ने लगाएं हैं।

बिजली का नया कनेक्शन लेने की व्यवस्था पूर्णतः आनलाइन है। जन सेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर आवेदन करना होता है। फिर यह आवेदन विभागीय पोर्टल पर आता है। जिसके बाद औपचारिकता पूरी करवाकर जेई को रिपोर्ट लगानी होती है। इसी औपचारिकता को पूरी कराने व रिपोर्ट लगाने के नाम पर आवेदकों का शोषण हो रहा है। आरोप है कि जहांगीरपुर बिजली घर पर तैनात एसएसओ आवेदक से संपर्क साधता है और रिपोर्ट लगवाने के नाम पर घर और खंभे की दूरी का हवाला देकर पांच से 15 हजार रुपये के बीच लेन देन तय कराता है। अगर किसी ने रकम देने में आनाकानी की तो जेई की रिपोर्ट में औपचारिकता पूरी न होने का जिक्र कर आवेदन निरस्त करने की संस्तुति कर दी जाती है। वहीं इस संबंध में अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने कहा कि 40 मीटर से ऊपर का कनेक्शन नहीं दिया जाता है। दूरी नाप कर ही कनेक्शन दिया जाता है। रिपोर्ट लगाने का कोई भी पैसा नहीं जाता है यदि कोई कर्मचारी पैसे की मांग करता है तो मुझे सूचित करें।

**आयोजन** इस्कॉन की यूथ फार्म शाखा की ओर से हुआ कार्यक्रम

# श्रीमद्भगवद् गीता से निकलता सुखी जीवन का रास्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस्कॉन की यूथ फॉर्म शाखा (आईवाईएफ) के द्वारा नव युवकों के लिए एक बड़ा ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद के युवाओं के जीवन में होने वाली गंभीर समस्याओं के समूल निदान के लिए व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए श्रीमद्भगवद् गीता के आधार पर उनका मार्गदर्शन किया गया। सारी गंभीर समस्याओं के समूल समाधान के लिए इस्कॉन मुरादाबाद के प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास के द्वारा जानकारी दी गई।

शनिवार को आशियाना स्थित एक होटल में इस्कॉन संसार में बताया गया की आनंद की खोज के लिए प्रत्येक मनुष्य प्रयासरत है। लेकिन आधुनिक संसाधनों



आशियाना स्थित बैंक्वेट हॉल में इस्कान के कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित किए गए अतिथि। ● अमृत विचार

में भौतिक उपलब्धि के द्वारा कोई भी मनुष्य परम आनंद की प्राप्ति नहीं कर पा रहा है। वह अपने ही बनाए हुए सुख साधनों में उलझ करके निराशा की ओर गिरता जा रहा है। अध्यात्म के मार्ग से अपने जीवन को हम सुख में और आनंद में बना सकते हैं। जिसका एक बहुत ही उत्तम उपाय हमको श्रीमद्भगवद् गीता में दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन अरुणोदय दास ने किया। मुख्य अतिथि एमआईटी चेयरमैन, सुधीर गुप्ता, डॉ एके सिंह, डॉ. अपूर्व मित्तल, मनीष मित्तल, मेजर राजीव ढल रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उज्ज्वल सुंदर दास, सचिनन्दन् दास,अनिकुल हे ग्रीव दास, महामुनि दास साक्षी गौरांग दास मोहित अग्रवाल,हर्षदीप आहूजा, मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी दास भी कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

## एक नजर

### कीटनाशक के सेवन से युवक की मौत

**रहरा, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने घरेलू कलह के कारण कीटनाशक का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी 28 वर्षीय युवक रहरा में जन सेवा केंद्र का संचालन करता था। शुक्रवार किसी बात को लेकर उसका अपने परिवार के साथ मनमुटाव हो गया था। इसी बात को लेकर उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे रहरा में झोलाछाप के यहां ले गए। बाद में उसे गजरौला ले गए, लेकिन गजरौला जाने के दौरान उसने देर रात दम तोड़ दिया। युवक के शव का बिना कार्रवाई अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जन सेवा केंद्र संचालक के परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं।

### युवती की तहरीर पर छेड़छाड़ में एक पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार रात नगर के मोहल्ले में युवती घर में अकेली थी। परिजन किसी कार्य के लिए घर से बाहर गए हुए थे। जिसका फायदा उठाकर मोहल्ले का युवक घर में घुस आया और युवती से छेड़छाड़ करने लगा। जिसका युवती ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की। इसी बीच युवती के परिजन घर पर आ गए तो उन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित युवती परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि अदनान पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पांच लाख की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** प्लाट खरीदने के लिए दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को पीटा। नवीशा खातून पुत्री जरीफ अहमद निवासी डिडौली का निकाह दो मार्च 2013 को गजरौला के कृपानाथपुर गांव निवासी नफीस अहमद पुत्र शौकत अली के साथ हुआ था। आरोप है कि पति व ससुराल पक्ष के लोग से पांच लाख रुपये लाने की मांग करते हैं। 18 मार्च को पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने उससे मारपीट की। नवीशा का आरोप है कि वह पुलिस के पास गई थी, मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि नवीशा के पति, सास, ननद, साबरी, नन्दोई पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कम गेहूं खरीद पर दो क्रय केंद्रों के प्रभारी निलंबित

## आठ कर्मचारियों का वेतन रोका, महज 17 हजार क्विंटल की खरीद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद के लिए खोले 44 गेहूं खरीद केंद्रों पर अब तक 17000 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। कम खरीदारी पर दो क्रय केंद्रों के प्रभारी निलंबित किए गए हैं, जबकि आठ कर्मचारियों का वेतन रोका है।

शनिवार को डिप्टी आरएम सुभाष कुमार ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद के लिए 44 केंद्र खोले गए हैं। इन सभी केंद्रों पर गेहूं खरीद का लक्ष्य छह लाख क्विंटल दिया गया है। लेकिन अभी तक गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीदारी की रफ्तार बहुत धीमी गति से हो रही है। धीमी गति से हो रही गेहूं खरीदारी को लेकर शासन के निर्देश पर दो क्रय केंद्र प्रभारी निलंबित कर दिए गए हैं और आठ कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। डिप्टी आरएम ने बताया कि गेहूं खरीदारी की रफ्तार तेज करने के लिए कर्मचारियों ने हर संभव प्रयास किया और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर किसानों से संपर्क कर गेहूं केंद्र पर गेहूं की बिक्री करने को कहा है, लेकिन किसान गेहूं खरीद केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जिले के सभी गेहूं खरीद केंद्र पर 17000 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। जो कि लक्ष्य से कम है। खरीद केंद्र प्रभारियों को बताया कि गेहूं की बुवाई से पहले उन्होंने व्यापारियों से कर्ज ले लिया था और उसके बदले गेहूं देने का वादा किया था। फसल के कटाई होते ही व्यापारी कर्ज के बदले गेहूं ले गए। अब उनके पास घर के खर्च के लिए गेहूं रह गया है। कुछ बड़े किसानों ने गेहूं की फसल को स्टॉक कर लिया है। जिससे कि आगे दाम बढ़ने पर वह फसल बेचने का मन बना चुके हैं। इसीलिए गेहूं खरीद केंद्र पर गेहूं की खरीदारी बहुत कम हो रही है। गेहूं खरीद केंद्र प्रभारी को लक्ष्य पूरा करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


अमरोहा में क्रय केंद्र पर रखा गेहूं। ● अमृत विचार

# अकीदतमंदों ने मजार-ए-मुबारक पर गुलपोशी कर की अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हजरत हबीब अहमद खां कादरी के उर्स में अकीदतमंदों ने मजार-ए-मुबारक पर गुलपोशी कर अमन-चैन की दुआ की।

मोहल्ला चिल्ला स्थित डॉ. मनसब अली के आवास पर शनिवार को उर्स की शुरुआत तिलावत-ए-कलामे इलाही से हुई। इसके बाद नमाज-ए-असर कल्यानपुरा स्थित मजार-ए-मुबारक पर चादरपोशी व कुलशरीफ की रस्म हुई। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से आए मुजाहिद कादरी व आस्ताना-ए-गौसिया के सज्जादानशीन अली ने बुजुर्गों की तालीमात पर अमल करने की सीख दी। रामपुर मुरसैना से आए गुलमोहम्मद कादरी ने महफिल में हल्का-ए-जिक्र से समा बांधा। जीलानी मिलाद पार्टी के फहीम कादरी, फैजी कादरी, शाने आलम, कमरूद्दीन कादरी, एहसन अली, फराज खान व अहमर अली ने नातिया कलाम से फिजा में नूरानियत का रंग बिखेर दिया। इस दौरान शमीम,अफसार बख्श, हादी अजीम जाफरी, रिफाकत मियां फरीदी, हाफिज अहमद हुसैन, असद अली, तौसीफ खां, डॉ. शेर खां, डॉ. नबील खां, सूफी शादाब, शाहिद कादरी आदि मौजूद रहे।


चादरपोशी कर दुआ करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



छात्र को सम्मानित करते जिला खेल अधिकारी व स्कूल संरक्षक।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में सचिन व श्यामा विजयी

**अमरोहा, अमृत विचार :** राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी देशकान्त त्यागी व विद्यालय संरक्षक अजय टंडन ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया। शनिवार को प्रतियोगिता में ब्वायज सिंगल्स में विवेकानन्द हाउस में सचिन विजेता रहे, जबकि पीयूष उपविजेता रहे। वहीं लड़कियां में शास्त्री हाउस में श्यामा विजेता तो टैगोर हाउस की नोया रिजवी उपविजेता रहीं। ब्वायज डबल्स में विवेकानंद हाउस के सचिन व नकुल विजेता रहे। जबकि डबल्स लड़कियों में गरिमा व श्यामा विजेता रहीं। उन्होंने टैगोर हाउस की नोया व रिया हो हराया। जिला खेल अधिकारी व विद्यालय संरक्षक अजय टंडन ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। जिला खेल अधिकारी देशकांत त्यागी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजलि टंडन, अध्यक्ष अदिती टंडन, प्रधानाचार्या डॉ. शिक्षा सरदाना ने विजेता प्रतिभागियों की सराहना की। संचालन में मानसी चौधरी, इरम नूर, प्रियंका पाल का योगदान रहा।

### बीएससी नर्सिंग में रूबी रही प्रथम

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज कांकाठेर के परिणामों में बीएससी नर्सिंग में छात्रा रूबी 73 .5 प्रतिशत ने अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंबर ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय एवं अनुष्का ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं एएनएम, जीएनएम में उपासना ने 74 प्रतिशत, उज्ज्वल ने 71.6 प्रतिशत जबकि नेहा ने 71.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश : प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएएमएस के छात्रा-छात्राओं में साहबाज खान ने 62 प्रतिशत, हर्षित कश्यप ने 57 .45 प्रतिशत, जेबा ने 57 प्रतिशत, प्रभात कुमार व आरुषि ने 56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कालेज चेयरमैन डॉ. दिनेश कुमार ने सभी का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रशांत शर्मा, पीयूष शर्मा, आशीष चौहान, कपिल शर्मा,जीएनएम, बीएससी नर्सिंग आदि का स्टाफ मौजूद रहा।


गजरौला के पाल गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सड़क की मरम्मत नहीं होने पर किया प्रदर्शन

**गजरौला, अमृत विचार :** जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं कराने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराते हुए जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है। क्षेत्र के पाल गांव से गजरौला की ओर जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर हालत में है। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के गड्ढों की वजह से हर वक्त हादसे का अंदेशा रहता है। इसके विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कहा कि खनन करने वाले सड़क पर दिन-रात ट्रैक्टर-ट्राली दौड़ाते हैं, जिसके चलते सड़क जर्जर हुई है। रात में सड़क से गुजरने वाले बाइक सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। सड़क की मरम्मत जल्द करवाने की मांग की। इस दौरान शिव कुमार भारती, प्रांजल जाटव, सुरेंद्र जाटव, सचिन कुमार, सुमित कुमार, रामभरोसे आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि जिले में अवैध रूप से चल रहे कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शनिवार को संगठन के प्रदेश संयोजक अमन गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर डीआईओएस कार्यालय पहुंचे। जहां पर विष्णु प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जिले में कोचिंग सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां निर्धारित से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं से साथ मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। पदाधिकारियों ने अवैध रूप से चल रहे कोचिंग सेंटरों को बंद कराने की मांग की है। डीआईओएस ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आकाश यादव, आले हासन, रजत सैनी, प्रिंस यादव, प्रभात कुमार, हिमांशु, दीपक, तुषार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे, पांच लाख की वसूली

● बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए और पांच लाख रुपये की वसूली की।

शनिवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि नगर के तीनों बिजली घर क्षेत्र में बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग की टीम ने कनेक्शन काटने का अभियान चलाया और इस अभियान के दौरान बकाया बिल जमा न करने वाले 35 उपभोक्ताओं के घरों के कनेक्शन काट दिए। विद्युत टीम को कुछ स्थानों पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान उपभोक्ताओं के विरोध का सामना भी करना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद विद्युत टीम ने कार्रवाई को जारी रखा। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि कनेक्शन काटने की कार्रवाई के साथ-साथ बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से पांच लाख रुपये की वसूली भी की। उन्होंने बताया कि वसूली के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने ज्यादा से ज्यादा वसूली करने के निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अमरोहा डिविजन के बिजली उपभोक्ताओं पर 20 करोड़ रुपये का बकाया है। उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए कई बार नोटिस भी जारी किए हैं।

# सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** पूरनपुर से चुबका मार्ग पर रास्ते पर लंबे समय से कीचड़ से सड़क की हालात बदतर हैं। इस लिंग मार्ग पर कीचड़ के चलते वाहन तो दूर पैदल चलना भी दूभर है।

लोक निर्माण विभाग को क्षेत्र की जनता ने कई बार पत्र एवं मौखिक रूप से शिकायत कर मार्ग को शीघ्र ठीक कराने की मांग की। लेकिन इसके बाद भी मार्ग को ठीक नहीं किया गया। जबकि डिडौली, पूरनपुर मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मार्ग शीघ्र ठीक नहीं किया गया, तो आंदोलन के किया जाएगा। पूरनपुर चुबका मार्ग पर पानी भरा रहता है। जिससे राहगीरों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन इस मार्ग से सैकड़ों लोग निकलते है। कई बार तो दो पहिया वाहन चालक पानी में गिर भी गए। रास्ते की हालत काफी खराब है। रात के समय में निकलने में लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत भी की, लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका। स्कूली बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण राम सिंह, डॉ. होते सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह का कहना है कि अधिकारी शिकायत के बाद भी रास्ते को ठीक नहीं करा रहे है। ग्रामीणों ने मांग की कि रास्ते को जल्द ठीक कराया जाए, नहीं तो आला अधिकारियों से शिकायत की जाएगी और आंदोलन किया जाएगा।


डिडौली में पूरनपुर-चुबका मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

# पिकअप ने डेढ़ वर्षीय बच्चे को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रहे डेढ़ वर्षीय बच्चे को पिकअप ने कुचल दिया। परिजन उसे मेरठ लेकर जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव चमरुआ में संदीप सिद्धू का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी अर्चना के अलावा तीन वर्षीय बेटी निया सिद्धू व डेढ़ वर्षीय बच्चा शिवांक था। संदीप सिद्धू दिल्ली में नौकरी करता है। जबकि उसका भाई अंकित गांव में डेयरी चलाता है। शनिवार को पिकअप डेयरी से दूध लेने आई थी। इस दौरान शिवांक घर के बाहर खेल रहा था। जैसे ही पिकअप चालक दूध लेकर निकला तो शिवांक पिकअप के पहिए के नीचे आ गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे मेरठ ले जा रहे थे कि शिवांक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर घर लेकर पहुंचे। परिजनों ने बिना कार्रवाई किए शव को दफन कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी रेनू शर्मा शुक्रवार शाम मोहल्ले के युवक की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। वह लौटने के लिए शहर के होटल के सामने ई-रिक्शा का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान महिला को एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल को पास ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

### सड़क पार कर रही युवती को बाइक ने मारी टक्कर

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाइपास मार्ग पर बाइक ने सड़क पार कर रही युवती को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक बाइक समेत नाले में जा गिरा। गांव माछरा भगवानपुर निवासी दानिश पुत्र मुन्त्याज अली किसी काम से शनिवार को ब्लॉक आया था। ब्लॉक से काम निपटाने के बाद वह बाइक से गांव जा रहा था। इस दौरान जैसी ही उसकी बाइक बाइपास मार्ग पर कमाल पैलेस के नजदीक पहुंची तो सड़क पार कर रही युवती खुशबू पुत्री नरेश निवासी कमाल पैलेस के पीछे कॉलोनी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सवार भी बाइक समेत सड़क से दूर नाले में जा गिरा। हादसे में दोनों घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने खुशबू को रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।

# छात्रा पर फब्तियां कसने के विरोध पर मां-बेटों को पीटा

● पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** छात्रा पर फब्तियां कसने का विरोध करने पर तीन भाइयों ने घर में घुसकर महिला और उसके तीन बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शहर के मोहल्ला निवासी महिला के घर में रहकर उसकी भतीजी पढ़ाई कर रही है। छात्रा बीए द्वितीय वर्ष में है। आरोप है कि कुछ युवक रोजाना महिला के घर के बराबर में खाली पड़े प्लाट पर खड़े हो जाते हैं। आरोपी कॉलेज आते-जाते समय उसकी भतीजी पर फब्तियां कसते हैं। नौ अप्रैल को विरोध जताने पर आरोपी महिला के घर में घुस आए। महिला और उसके तीन बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया। घर के बाहर खड़ी बाइकों में तोड़फोड़ कर दी। मामले में पुलिस ने पकड़े आरोपियों का शांतिभंग के आरोप में चालान किया था।

इस बीच मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। आरोप है कि बावजूद इसके 29 अप्रैल को एक बार फिर से आरोपियों ने महिला के घर के दरवाजे पर पत्थर मारे और गाली-गलौज की। परेशान पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहर के मोहल्ला चौहानपुरी निवासी सुंदर, अनिल, नीशू और जीशू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अलग-अलग गांव से दो युवतियां लापता, रिपोर्ट

**डिडौली, अमृत विचार :** अलग-अलग गांवों से दो किसानों बेटियां लापता हो गईं हैं।

मामला डिडौली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों का है। यहां के रहने वाले किसान की 20 वर्षीय बेटी शुक्रवार दोपहर घर से लापता हो गई। बाद में पता चला कि उसे गांव रसूलपुर निवासी रॉबिन उर्फ नितिन अपने साथ ले गया है। परिजनों ने आरोपी रॉबिन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरा मामला भी थाना डिडौली क्षेत्र के ही गांव का है। यहां रहने वाले किसान 26 अप्रैल को खेत में गेहूं कटाई कर रहा था। उसकी 26 वर्षीय बेटी अकेली घर पर थी। गांव के ही बिलाल, मोहम्मद अली व अरमान समेत दो अज्ञात युवक उसे अपने साथ ले गए। देर शाम जब किसान घर लौटा तो बेटी नहीं थी। जिसके बाद किसान ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**सलाह** भीषण गर्मी में बच्चे हो रहे बीमार, अस्पतालों में मरीजों की लग रहीं कतारें

# गर्मी में बच्चों के खाने-पीने पर ध्यान दें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। तेज धूप की तपिश से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे। भीषण गर्मी के चलते कई बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। छोटी उम्र के बच्चों को उल्टी दस्त, बुखार, डायरिया और पीलिया जैसे रोग मुश्किलों में डालने लगे हैं। इसके चलते जिले भर के अस्पतालों में इन दिनों लंबी कतारें लग रही हैं। अधिकतर सरकारी व निजी अस्पतालों के बेड फुल हैं।


डॉ. केएस सैनी, बाल रोग विशेषज्ञ।

भीषण गर्मी के दौरान खाने पीने में हुई थोड़ी सी चूक बीमारी का कारण बन सकती है। इस मौसम में सबसे ज्यादा शिकार छोटी उम्र के बच्चे होते हैं। जिला अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में इन दिनों ज्यादतर बच्चे भर्ती है। अतः बीमारी से बचाव के लिए इनके खाने पीने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। चिकित्सकों की मानें तो गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों के साथ बड़ों को भी अपने खानपान की ओर अधिक ध्यान देना चाहिए। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. केएस सैनी ने बताया कि गर्मी का मौसम आते ही कई बीमारियां लोगों को घेरना शुरू कर देती हैं।

वहीं सही खानपान से बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में डायरिया, पीलिया, डीहाइड्रेशन सहित कई बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती हैं। ऐसे रोग गंदे पानी के उचित निकास न होने, पीने का पानी ढका न होना, बिना ढके खाने, बासी खाना खाने आदि कारणों से हो सकते हैं। ऐसे में मरीज को उल्टियां, दस्त व बुखार जैसे रोग जकड़ लेते हैं। इनसे मरीज के शरीर में पानी की कमी होने से डीहाइड्रेशन हो सकता है। ऐसे में जितना जल्दी हो सके, मरीज को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाना चाहिए। उन्होंने छोटे बच्चों को उल्टियां और दस्त होने पर ये सुझाव दिए हैं।

### ऐसे करें बीमारी से बचाव

- छोटे बच्चों को शीघ्र ही ओआरएस का घोल पिलाएं।
- बासी खाना और तली हुई चीजों का कम प्रयोग करें।
- गर्मी में लू से बचने के लिए छाते व पूरे कपड़े पहने।
- नींबू, प्याज, मौसमी, संतरा, शरबत एवं ताजे फलों का रस पीएं।

### महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कुछ लोगों द्वारा महिला के खेत में पड़ी टीनशेड तोड़ने एवं मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी निवासी सुमन पत्नी नीरज के खेत पर पड़ी टीनशेड को गांव के ही तेजेंद्र ,प्रदीप पुत्र रामपाल, रामपाल पुत्र चेतराम तथा रामपाल की पत्नी राकेश ने तोड़ दिया था तथा पीड़िता के साथ मारपीट की थी। मारपीट में सुमन घायल हो गई थी। इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी में मेडिकल को भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी तेजेंद्र उसके भाई प्रदीप, पिता रामपाल एवं पत्नी राकेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं तोड़फोड़ करने का वीडियो पीड़ित द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

# 42 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** मई में गर्मी का सितम जारी है। चिलचिलाती धूप व लू ने आमजन और पशु-पक्षियों को भी बेहाल कर दिया है। सुबह आठ बजे के बाद ही तपिश शुरू हो जा रही है।

दोपहर से शाम पांच बजे तक सड़कों पर भीड़भाड़ नजर नहीं आ रही। बेहद जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन में अत्यधिक तापमान से सूरज की किरणें शरीर को झुलसाती रही। गर्मी से बचाव के सभी उपाय बेअसर नजर आ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी का सामना घर के अंदर रहने वाली महिलाओं को करना पड़ रहा है। दिन में अघोषित बिजली कटौती से बच्चे भी परेशान नजर आ रहे हैं। इस बार मई माह के पहले सप्ताह में ही कड़ी धूप, पछुआ हवाओं और लू ने आमजन को परेशानी में डाल दिया है। सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि हीट स्ट्रोक गर्मी से होने वाली सबसे गंभीर बीमारी है। यह तब होती है जब शरीर अपने तापमान को नियंत्रित नहीं कर सकता। शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है और शरीर ठंडा होने में असमर्थ हो जाता है। ऐसे में दोपहर में घर से निकलना जरूरी हो तो बचाव के लिए इंतजाम करके निकलें। नहीं तो लोगों को लू लग सकती है और हीट वेव की चपेट में आ सकते हैं।


हसनपुर में धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

### धूप से बचने के लिए छाता लेकर निकल रहे लोग

**हसनपुर, अमृत विचार :** मई का महीना आते ही गर्मी सितम ढहाने लगी है। दोपहर में चिलचिलाती धूप लोगों को झुलसा रही है। इसके चलते दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसर रहा है, जो बाहर निकल रहे है, वो सिर व मुंह को कपड़े से ढककर एवं छाते का प्रयोग करके निकल रहे हैं। दिन में चिलचिलाती धूप व गर्म हवाएं लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दे रही है। दोपहर में बाजारों में सूनसान का माहौल हो जाता है। जरूरी काम से निकल रही महिलाएं व युवतियां धूप से बचने के लिए छाता का उपयोग कर रही है। स्कूली बच्चों को भी स्कूल से घर पहुंचने तक पसीना पसीना होना पड़ रहा है। दोपहर में पछुआ हवा और लू के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। शनिवार को भीषण गर्मी से बचाव के लिए महिलाएं और पुरुष छाता लेकर बाजारों में निकले। अब पंखे, कूलर भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे है।

### मजदूरी मांगने पर राजमिस्त्री को पीटा

**डिडौली, अमृत विचार :** गांव हरियाना के रहने वाले कामिल ने दिसंबर 2023 में मकान बनाने का ठेका गांव पूरनपुर निवासी राजमिस्त्री सोमपाल उर्फ सोनू को दिया था।

इस दौरान निर्माण के लिए 130 रुपये फिट का रेट तय हुआ था। जब मकान पूरा हो गया तो सोमपाल ने मजदूरी के बकाया डेढ़ लाख रुपए मांगे। आरोप है कि कई दिन तक कामिल रुपये देने को लेकर बहानेबाजी करता रहा। इसके बाद 25 फरवरी को सोमपाल गांव के कुछ लोगों को लेकर कामिल के घर रुपये मांगने गया तो कामिल ने पैसे देने से मना कर दिया और भाई नासिर व अन्य लोगों के साथ मिलकर घर में बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी कामिल और नासिर के साथ अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### उधार के रुपये मांगने पर मामी के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर निवासी मोहम्मद हनीफ की पत्नी मुशरफी ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि छह माह पहले गांव निवासी अपनी ननद के बेटे ने जरुरत पड़ने पर डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। शनिवार की सुबह मुशरफी उधार में दिए रुपये मांगने ननद के बेटे के घर गई थी। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए युवक ने मुशरफी को रुपये देने से मना कर दिया। विरोध करने पर युवक ने मारपीट करते हुए मुशरफी को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुशरफी का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी हनी सक्सेना शनिवार को अपने चाचा जयदेव सक्सेना उर्फ नन्हे के साथ बाइक पर सवार होकर संभल की ओर आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पर गांव रिठाली के पास कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे हनी सक्सेना व जयदेव सक्सेना सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और उपचार के लिए हनी सक्सेना और जयदेव सक्सेना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### पांच परिवारों में हुई सुलह

**बहजोई,अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र छोटी-छोटी बातों को लेकर टूटे परिवारों को मिलने का काम किया गया। उन्हें काउंसलर ने समझाया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है। विवाद के कारण दूर हो जाती हैं। यह बात पांच परिवारों के समझ में आ गई। उन्होंने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। 39 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। पांच परिवारों को मिलाया गया। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा, कंचन महेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, शाजिया खान आदि ने सहयोग किया।



हजरतनगर गढ़ी में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते जयंत चौधरी। ● अमृत विचार



हजरतनगर गढ़ी में आयोजित जनसभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# जब लोकदल था तो विपक्ष था, आज कहीं विपक्ष नहीं है : जयंत चौधरी

## हजरतनगर गढ़ी में आयोजित जनसभा में कहा-एक जो बड़े नेता हैं राहुल वे ऑल मोस्ट पीएम हैं और हमारे यूपी वाले हमारे भ्राता वे ऑलवेज सीएम हैं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के हजरतनगर गढ़ी में आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कहीं विपक्ष नहीं है। विपक्ष के पास कोई नीति नहीं है। जयंत चौधरी ने यह भी बताया कि एनडीए में गठबंधन क्यों किया।

जयंत चौधरी ने कहा कि चुनावी माहौल में हमारे मुख्य विपक्षी कह रहे हैं कि फटाफट, खटाखट, झटाझट गरीबी खत्म करूंगा। ऐसा नहीं, गरीब आदमी किसी के रहमो करम पर नहीं है। वह स्वावलंबी है स्वाभिमानी है। सवाल किया कि क्या हम सब लोग गरीबी से मुक्ति देने की कोशिश नहीं कर रहे, क्या सरकार आज कोशिश नहीं कर रही। जयंत बोले कि जब हम लोग विपक्ष में रहे और जब लोकदल था तो विपक्ष था, आज कहीं विपक्ष है नहीं। क्योंकि एक जो बड़े नेता है राहुल जी वो ऑल मॉस्ट पीएम है और हमारे यूपी वाले हमारे भ्राता वो ऑलवेज सीएम हैं।



हजरतनगर गढ़ी में जनसभा को संबोधित करते जयंत चौधरी। ● अमृत विचार

सीएम की कुर्सी चली गई उनको अहसास ही नहीं हुआ कुर्सी का आज है न कल को मिलेगी। जयंत चौधरी ने कहा कि हम लोगों ने गठबंधन किया तो कुछ सोच समझकर किया होगा, कुछ देखकर किया होगा। सबसे बड़ा कारण है कि जो सरकार चौधरी चरण सिंह का सम्मान कर सकती है वह किसान का भी सम्मान करेगी। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, अंजू चौधरी, चौधरी नरेंद्र सिंह, भीष्म शर्मा, रालोद के चौधरी उम्मेद सिंह, रामवीर सिंह, आतिर रिजवी, संगीता दोहरे, राजवीर सिंह गुर्जर, मनोज चौधरी, मौअज्जम खां, अजयवीर सिंह, बलजीत बिट्टू, मलूक नागर, अनिल, इंद्रजीत चड्ढा, कैसर अब्बास, विमल चौधरी आदि मौजूद रहे।

### रालोद के अध्यक्ष ने समझाई चौधरी चरण सिंह की नीति

**संभल अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह नीति याद दिलाता हूं, वह कुटीर उद्योग की वकालत करते थे। छोटे उद्योग स्थापित हों छोटे काम छोटे कारखाने। किसान जिनकी जमीन छोटी है लेकिन वह अपनी जमीन के मालिक हैं उनको मालिकाना हक दिलाने के लिए जो चौधरी चरण जवाहर लाल नेहरू से भिड़ सकते थे आपके लिए, उनकी नीति को समझिए आप लोग। आज भी हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार हो या भारत की सरकार हो, उनके अंदर एक सोच विकसित होती मैंने देखी है।

## जयंत ने डॉ.बर्क को दीश्रद्धांजलि तो सन्न रह गए भाजपा नेता

गौरव वर्मा, संभल

- यह जरूर है कि कभी कभी वह समाज या राष्ट्र हित के विरुद्ध कोई हल्की बात कह देते थे
- एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा में बिना नाम लिए डॉ.बर्क पर साधा था निशाना

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत सिंह ने भाषण की शुरूआत में ही जब संभल के सांसद रहे डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क को श्रद्धांजलि दी तो मंच पर मौजूद भाजपा के कई नेता न सिर्फ सन्न रह गए। ऐसा इसलिए था क्योंकि एक दिन पूर्व यानी शुक्रवार को कैला देवी के धाम के निकट हुई जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में बिना नाम लिए डॉ.बर्क पर निशाना साधा था। हालांकि जयंत चौधरी ने डॉ.बर्क के बारे में कुछ और बातें कहते हुए चुनावी माहौल में भाषण को किसान, विपक्ष और चौधरी चरण सिंह पर केंद्रित किया।

संभल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में शुक्रवार को कैला देवी धाम के निकट हुई जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाषण के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम नहीं बोलने को लेकर संभल से सांसद रहे डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क पर निशाना साथा था। हालांकि उन्होंने डॉ.बर्क का नाम नहीं लिया था लेकिन मौजूद भीड़ भी सबकुछ समझ गई थी। शनिवार को हजरतनगर गढ़ी में भाजपा प्रत्याशी के ही समर्थन में हुई जनसभा में मंच पर भाषण की शुरूआत में ही राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने डॉ.बर्क को श्रद्धांजलि दी। जयंत चौधरी ने कहा कि डा. बर्क अनुभवी नेता थे, उनकी भी सामाजिक जीवन राजनीतिक जीवन यात्रा की शुरूआत बीकेडी से हुई थी।

शफीकुर्रहमान बर्क साहब को श्रद्धांजलि देता हूं। वह बुजुर्ग थे हमारे। लंबे समय राजनीतिक क्षेत्र में वह सक्रिय थे। यह जरूर है कि बीते कुछ दिनों में कभी कभी वह समाज के विरुद्ध या राष्ट्र हित के विरुद्ध कोई हल्की बात कह देते थे लेकिन कोई बात नहीं मैं उनका हमेशा सम्मान करता था और उनके साथ जो लोग चलते थे उनका सहयोग करते थे अब उनको अवसर मिल रहा है क्योंकि वह दौर खत्म हो गया समाप्त हो गया। अब उनको यह सोचना चाहिए किस प्रकार से इस क्षेत्र की बेहतर सेवा वह कर सकते हैं। जयंत चौधरी ने जब डॉ.बर्क को श्रद्धांजलि दी तो मंच पर मौजूद तमाम भाजपा के नेता भी न सिर्फ सोच में पड़ गए बल्कि बगलें झांकने लगे।

### किसानों को मजबूत वकील की जरूरत

**संभल अमृत विचार :** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि यहां बहुत उन्नत खेती है संभल जिले में। यहां आलू, गेहूं, धान, सरसो करते हो और मैंथा की खेती है। पूरी यह बेल्ट में बड़ी पैदावार करते हो। कहा कि अगर मजबूत वकील होता तो क्या काम हो सकता था, मैंथा की आप किसानी करते हैं। एक बहुत बड़ा तंत्र है, सरकारें बदल जाती होंगी वही तंत्र नहीं चाहता कि देश का किसान मजबूत हो जाए। मुख्य कारण यह है और इसलिए आपको एक मजबूत वकील की जरूरत है।

### अपना वोट खराब मत करना

**संभल अमृत विचार :** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि चाहें गन्ना किसान, आलू किसान की लड़ाई हो नौजवान समय पर उनकी भर्ती हो पुलिस में उनकी भर्ती हो पुलिस में उनको नौकरी मिल जाए। अग्निवीर में कुछ सुधार चाहते हैं नौजवान तो वो भी मिलकर कर पाएं। यह सारी चीज तब संभव हैं अगर आप रखरखाव करोगे। अपनी वोट खराब मत होने देना। देश की तस्वीर आपको दिख रही है क्या है।

### यूपी में दो पार्टियां लड़ रही कि नंबर टू कौन रहेगा

संभल अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि आपको मालूम है बंगाल में क्या हुआ है। लोकसभा में इनके सबसे वरिष्ठ सांसद कह रहे हैं कि टीएमसी को मत देना इससे अच्छा तो बीजेपी को दे दो वोट। आज भी लड़ भिड़ रहे हैं। इनकी तो मुख्य लड़ाई है कि नंबर टू कौन रहेगा। यूपी में जो दो पार्टियां हैं आपस में लड़ रही हैं कि नंबर टू कौन रहेगा। बंद कमरे में बैठते हैं जब यह लोग, सपा वाले कहते हैं कि दो सीट तो आ जाएंगी और कांग्रेस कहती है कि एक तो पक्की है, हम भी दो जीत सकते हैं, हो सकता है तीन आ जाएं। तो इनकी लड़ाई यही है कि किसकी दो सीटें आएंगी किसकी तीन सीटें आएंगी।

## सार-संक्षेप



नरौली में अर्द्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ किया पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जनपद में शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। शनिवार को नगर पंचायत नरौली और ग्राम पंचायत जनैटा में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च किया। लोगों से शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर देहात पुलिस चौकी इंचार्ज सत्यपाल सिंह व कस्बा इंचार्ज अजय कुमार त्यागी मौजूद रहे। पैदल मार्च कस्बा नरौली के मौहल्ला मकुपरा, धीमर वाली पुलिया, बंजारी कुआ, तेली वाला कुआ, फूलबाग, कुरेशियन तिराहा, नई बस्ती, मंसा देवी, मुल्लाना ठाकुर, बाजरिया, साहूकारा, काजी टोला तिराहा के रास्ते वापस देहात पुलिस चौकी पर पहुंच कर संपन्न हुआ।

### चुनाव कराने को पहुंचे वाहनों में लगाया जीपीएस सिस्टम

**बहजोई, अमृत विचार :** संभल लोकसभा के लिए मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किए गए वाहन नियत स्थान पर पहुंच गए। जिसमें उन्हें तैयार कर जीपीएस सिस्टम लगाने का काम किया गया।वहीं उन्हें पूरी तरह से तैयार करते हुए डीजल पेट्रोल की भी व्यवस्था की गई। डिप्टी कलेक्टर ने वाहनों की व्यवस्था पूरी तरह से किए जाने का दावा किया है।लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने 615 छोटे वाहन लगाए थे तो वहीं 410 बड़े वाहनों की व्यवस्था की थी। एक तरफ जहां इसे पोलिंग पार्टियों रवाना होगी तो पुलिस बल के लिए यह वाहन रहेंगे। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को भी वाहनों की व्यवस्था की गई है। वहीं बड़े वाहनों की व्यवस्था ईवीएम लाने ले जाने के लिए भी की जाएगी। जिन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बहजोई के रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचने के निर्देश दिए थे। दोपहर तक सभी वाहन पहुंच गए। जहां पर डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह, डीएसओ शिवी गर्ग व एआरटीओ के नेतृत्व में वाहनों को खड़ा कराया गया। वाहन चालकों को ड्यूटी पत्र दिए गए। वहीं वही जीपीएस सिस्टम की व्यवस्था की गई।

### दीवार फांदकर प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक, गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते युवक शुक्रवार की रात दूसरे गांव में दीवार फांदकर प्रेमिका से मिलने उसके कमरे में पहुंच गया। बातचीत की आवाज पर अचानक आंख खुली तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। युवक पुलिस के आने से पहले ही भाग गया। अगले दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अपनी ननिहाल में आते जाते एक वर्ष पहले पड़ोसी युवक से प्रेम संबंध बन गए। प्यार परवान चढ़ा तो युवक व युवती फोन पर बाते करते और जब भी मौका मिलता एक दूसरे से मिलने-जुलने लगे। शुक्रवार की देर रात युवती के बुलाने पर युवक उसके गांव पहुंचा और दीवार फांदकर युवक घर में घुसकर युवती के पास कमरे में पहुंच गया। युवक व युवती के बीच बातचीत की कमरे से आवाज आने पर अचानक से परिजनों की आंख खुल गई। परिजनों ने युवती के साथ युवक के होने की सूचना पुलिस को दी। इससे पहले पुलिस मौके पर पहुंचती युवक परिजनों को चकमा देकर युवती के पास से भाग गया। शनिवार की दोपहर में पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने शांतिभंग की धारा में युवक का चालान कर दिया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, संभल/सौंधन

- एक घायल, हादसे में घोड़ी की भी गई जान



**अमृत विचारः** कैला देवी थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे घायल का उपचार चल रहा है। युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी निवासी राजेंद्र 25 वर्ष बुधवार की शाम बाइक से रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देऊपुरा निवासी शिब्बू के साथ गांव सौंधन से घर जा रहा था। सौंधन की मिलक के पास रास्ते पर अचानक से आई घोड़ी और बाइक में टक्कर हो गई। जिससे घोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई और राजेंद्र व शिब्बू गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर परिजनों ने शिब्बू व राजेंद्र को उपचार के लिए मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार की देर रात उपचार के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई।

## पांच केंद्रों पर 1652 परीक्षार्थी देंगे नीट की परीक्षा

संवाददाता,बहजोई/चंदौसी

- परीक्षा को लेकर दिनभर परीक्षा केंद्रों पर होती रही तैयारी
- नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए लगाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार:** जनपद में पांच केंद्रों पर नीट की परीक्षा रविवार को आयोजित होगी। जिसमें 1652 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। पांचों परीक्षा केंद्रों पर नकल विभिन्न परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

रविवार को जनपद में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के लिए परीक्षा केंद्रों पर तैयारी का दिन भर दौर चलता रहा। जनपद में नीट की परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं। चंदौसी का जीके सिल्वरस्टोन स्कूल, न्यू सत्यम एकेडमी, बहजोई का एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केचएमसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भगत जी इंटरनेशनल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इन परीक्षा केंद्रों पर 1652 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनमें भगत जी इंटरनेशनल स्कूल में 408, जीके सिल्वरस्टोन स्कूल में 384, न्यू सत्यम एकेडमी में 312, एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 528 व केएचएससी स्कूल में 200 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर दिनभर तैयारी का दौर चलता रहा। परीक्षा केंद्र पर सीटिंग प्लान बनाया गया। जिससे नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जा सके। वहीं परीक्षा के समय सीसीटीवी कैमरे 22 रिकॉर्डिंग के साथ लगाए गए हैं। जिससे कोई भी संदिग्ध गतिविधि हो उसे तुरंत ही पकड़ लिया जाए। जिला प्रशासन ने जहां पार्किंग को लेकर यातायात पुलिस को निर्देश दिए हैं। तो वहीं नकल विभिन्न परीक्षा संपन्न कराए जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौक बंद की हैं।

## दुष्कर्म आरोपी के परिजनों ने युवती के भाई को बेरहमी से पीटा,हालत गंभीर

संवाददाता, संभल/धनारी

- हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मजदूर को हायर सेंटर रेफर कर दिया

**अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र में मजदूरी करने हरियाणा जा रहे मजदूर को चार पांच लोगों ने रास्ते में रोक कर आंखों से पट्टी बांधकर जंगल में ले जाकर धारदार हथियार व लाठी डंडों से मारपीट की। पुलिस ने मजदूर को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मजदूर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बहन के साथ दुष्कर्म करने के जेल में बंद आरोपियों के रिश्तेदारों ने मजदूर के साथ मारपीट की है।

बहजोई थाना क्षेत्र के एक निवासी मजदूर पिछले एक माह से अपने मामा धनारी थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी के यहां रह रहा था। शुक्रवार की शाम मजदूर मजदूरी करने हरियाणा के शहर दादरी जा रहा था। आरोप है कि गांव से निकलते ही चार पांच लोगों ने पकड़कर मजदूर की आंखों पर पट्टी बांध दी और जंगल मे ले जाकर धारदार हथियार व लाठी डंडों से मारपीट की। मरणासन्न की स्थिति होने पर ही मजदूर को छोड़ा। शनिवार की सुबह मजदूर को पड़ा देखकर खेतों पर पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई।

सूचना मिलने पर परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आंखों से पट्टी खोलकर मजदूर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर होने पर मजदूर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर मजदूर को यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि मजदूर अपनी बहन व मां के साथ हरियाणा में रहता था। वहां मजदूर की बहन के साथ दुष्कर्म किया था। परिजनों का आरोप है कि युवक के ही रिश्तेदारों ने मजदूर के साथ मारपीट की है।

### ई-रिक्शा में सवार किशोरी से छेड़छाड़, भीड़ ने पकड़कर पीटा

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर ई-रिक्शा में सवार किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ की तो लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर शनिवार को गांव सिंहपुरसानी की ओर से चालक महिला व उसकी 12 वर्षीय बेटी को बैठाकर ई-रिक्शा लेकर संभल आ रहा था। रिठाली के पास स्थित मंडलाई बाईपास से ई- रिक्शा में दो युवक भी सवार हो गए। जिसमें एक युवक किशोरी के पास बैठ गया और दूसरा युवक किशोरी के सामने वाली सीट पर बैठ गया। चालक ई -रिक्शा लेकर जैसे ही गांव खग्गूपुरा से निकलकर थोड़ी दूर पहुंचा। आरोप है कि पास में बैठा युवक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी रोने लगी। इस पर मां ने ई रिक्शा रुकवाकर युवक को नीचे उतार लिया। इसके बाद मौके पर इकठ्ठा हुए लोगों ने आरोपी युवक की जमकर पिटाई कर दी। हालांकि मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा।

**प्रारूप सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पताः** जियाउर्रहमान

**राजनैतिक दल का नामः** समाजवादी पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

**निर्वाचन का नामः** लोकसभा

**निर्वाचन क्षेत्र का नामः** 08 सम्भल

मैं जियाउर्रहमान (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) चन्दौसी | केस नं.- 1241/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 171 एच आई.पी.सी. |
| 2 | जे.एम. सम्भल | केस नं.- 276/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 126, लोक जन प्रति. अधि. 188, 269, 270 आई.पी.सी. |
| 3 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 30512/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 171 एच., 51 (बी.), 3 |
| 4 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 12364/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 5 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 45522/22 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 6 | पुलिस स्टेशन हजरत नगर गढी जिला मुरादाबाद | केस नं.- 27/22 | विचाराधीन | ———— |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरापित दण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## एक नजर

### गाली गलौज करने पर एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला चकली निवासी नाजिम शनिवार को मुहल्ला के ही अपने साथी से रुपयों के लेन-देन को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाजिम को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने नाजिम का चालान कर दिया।

### सप्ताह भर से लापता किशोर का सुराग नहीं

**बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा की मढैय्या निवासी नन्हें पुत्र रामलाल ने बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा अजय 27 अप्रैलको घर से चन्दौसी को जाने की बात कह कर निकला था लेकिन आज तक वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों में तलाश किया लेकिन पता नहीं लग सका है। पीड़ित पिता ने थाना पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

# सपा की जनसभा के चलते चार घंटे जाम से जूझे लोग

## आगरा- मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर गुन्नौर से लेकर नूरपुर तिराहे तक लगी वाहनों की लंबी लाइन

संवाददाता, बबराला(संभल)

**अमृत विचार:** डिग्री कॉलेज मैदान में सपा की जनसभा के चलते लोग करीब चार घंटे जाम से कराहते रहे। आगरा- मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर से लेकर नूरपुर तिराहे तक और मेरठ- बदायूं स्टेट हाईवे पर नरोरा से गुन्नौर और जगन्नाथपुर तक सड़क मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने बबराला में रूट वनवे किया। मगर उससे भी लोगों को जाम से राहत नहीं मिली। भीषण गर्मी में जाम की वजह से लोग परेशान दिखाई दिए। जनसभा में लोगों के वाहन आने शुरू हुए तो बबराला में सुबह से ही जाम भी लगना शुरू हो गया था। सभा में आसपास क्षेत्र के हजारों लोग ट्रैक्टर ट्रालियों और निजी वाहनों से पहुंचते रहे। जिससे नेशनल हाइवे पर बबराला के इंदिरा चौक पर बार बार ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ाती रही। इसी तरह गुन्नौर के नेहरू चौक पर भी जाम के हालात बने और अलीगढ़ व बदायूं जाने वालों को जाम का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव के जाने के बाद भीड़ धीरे धीरे निकली। वापसी का सिलसिला शुरू हुआ तब यातायात सुचारू हो सका।



बबराला में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का संबोधन सुनने के लिए पंडाल के पाइपों पर चढ़े युवा। ● अमृत विचार

### पंडाल के पाइपों पर चढ़े युवा

**बबराला, अमृत विचार :** जनसभा के दौरान कुछ उत्साही समर्थक टेंट में लगे पाइपों पर चढ़ कर रील बनाने में मशगूल रहे। वहीं, सभास्थल में लगी स्टील तारों की बेरीकेडिंग को तोड़ दिया गया। मंच के पास लोहे के पाइप का बेरिकेड बचाने के लिए आधा दर्जन पुलिस वाले मशक्कत करते रहे। पाइप पर चढ़े युवकों को देखकर सपा नेता भी चिंतित थे। कई बार मंच से कहा गया कि वह नीचे उतर जायें लेकिन युवाओं ने किसी की नहीं सुनी।

### रास्ता बंद करते ही बने जाम के हालात

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बबराला के डिग्री कॉलेज में जनसभा को संबोधित करने आए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सभा में भीड़ अनियंत्रित रही। साथ ही जब भीड़ बढ़ी तो पुलिस ने गुन्नौर के नेहरू चौक पर रास्ता ही बंद कर दिया और इसी से जाम के हालात बन गए। वहीं जोग लोग अति आवश्यक कार्य को जा रहे उनको भी पुलिस ने नहीं निकलने दिया। ऊपर से अधिक पड़ती गर्मी में जाम ने सबको बहाल कर दिया।

### किसान और नौजवान पर रहा अखिलेश का फोकस

**बबराला, अमृत विचार :** किसान और नौजवान अखिलेश के भाषण के केंद्र में रहे। किसानों की नब्ज टटोलते हुए कहा कि भाजपा जब सत्ता में आई तो कहते थे कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगें। आज किसानों की लागत बढ़ गई है। किसानों के लिए काले कानून यदि बन गए होते तो किसानों की कमाई उद्योगपतियों के हाथों में चली जाती। अग्निवीर को लेकर कहा कि ये हम स्वीकार नहीं करेंगे। युवाओं को चार साल की नौकरी देकर उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। सभा स्थल पर खड़े खाकी वर्दी वालों से बोले कि भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देंगें।

## सार-संक्षेप



लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का आरंभ करतीं जिला जज।

### अब निर्धन लोगों को वाद के लिए उपलब्ध होगा अधिवक्ता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय के नजदीक लायंस कॉलोनी में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का आरंभ जिला न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने पूजा-अर्चना व फीता काट कर किया। बताया कि उक्त कार्यालय का आरंभ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद संभल की ओर से किया गया है। इसका उद्देश्य जो लोग मुकदमा लड़ने व अधिवक्ता की फीस नहीं दे पाते हैं। उनके लिए यह सुविधा सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई है। ऐसे लोग लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय पहुंच अपना पक्ष रखकर अधिवक्ता कर सकते हैं। यह अधिवक्ता निर्धन लोगों का मुकदमा निशुल्क लड़ेंगे। इस दौरान पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह, चीफ लीगर एड डिफेंस काउसिंल संजीव कुमार, डिप्टी चीफ लीगर एड डिफेंस अंकित टंडन, चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सचिव नितिन सिंह उर्फ विक्की, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### अधिक से अधिक मतदान कराने की ली शपथ

**संभल अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति के राम विहार कॉलोनी में स्थित कार्यालय पर हुई गोष्ठी के दौरान अधिक से अधिक मतदान कराने की शपथ ली गई। समिति अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने कहा कि उम्मीदवार की कार्यप्रणाली पर ध्यान न देकर राष्ट्रहित में मतदान किया जाए। राष्ट्रहित में मतदान करने वाला मतदाता राष्ट्र भक्त होता है। वक्ताओं ने विचार रखने के बाद अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक मतदान कराने की शपथ ली। इस दौरान चौधरी जयपाल सिंह, संजीव सहारा, एसके पूठिया, महेंद्र स्वामी, गुड्डू स्वामी, विशेष शर्मा, राजीव यादव, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, नितिन शर्मा एडवोकेट, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश अग्रवाल, दीप चंद्र, मोंटू शर्मा आदि रहे।



चन्दौसी में मतदान की शपथ लेतीं साक्षी स्टार की सदस्य। ● अमृत विचार

### साक्षी स्टार की सदस्यों ने ली मतदान करने की शपथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी स्टार चन्दौसी की ओर से शनिवार को आवास विकास स्थित समिति की सदस्य वर्षा सिंधी के आवास पर बैठक हुई। जिसमें समिति की संयोजिका रंजना शर्मा ने ग्रुप की सभी सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रुप के सभी सदस्यों से आह्वान किया कि अपने परिवार और अपने आस पड़ोस के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जो सरकार हमारे लिए काम करती है उसे चुनना हमारा कर्तव्य है। इसीलिए सभी को मतदान करना चाहिए। ग्रुप संरक्षक- आशा सारस्वत, अध्यक्ष- सुधा शर्मा, सचिव- रेनू शर्मा, बबिता बिंदल, दमयंती सिंह, विजयलक्ष्मी, सुनीता शर्मा, छवि रस्तोगी, रजनी रस्तोगी, सलोनी रस्तोगी, भावना सिंह, गीतांजलि मदान आदि उपस्थित रहीं।

# मारपीट और जबरन चूहामार दवा खिलाने के आरोप में 6 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- आए दिन दहेज में बुलेट मोटर साइकिल लाने की मांग करते थे
- पीड़िता ने कहा, शादी में आठ लाख रुपये का दहेज दिया था

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी फाटक स्थित नई बस्ती में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को जमकर मारा पीटा व जान से मारने की नीयत से चूहा मार दवा खिला दी। महिला ने पति सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज अधिनियम के तहत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नई बस्ती निवासी सोनम पत्नी शकील ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी छह वर्ष पहले भैतरी फाटक स्थित नई बस्ती थाना बनियाठेर निवासी शकील से हुई थी। शादी में महिला के पिता ने आठ लाख रुपये का दान दहेज दिया था। मगर ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे और आए दिन दहेज में बुलेट मोटर साइकिल लाने की मांग करते थे। इनकार करने पर महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट करते थे। कई बार पंचायत में शकील व उसके घर वालों को समझाया गया। मगर ससुराल वाले नहीं माने और अपनी बाइक की मांग जारी रखी। एक मई को शाम पांच बजे शकील व उसके परिजनों ने बाइक की मांग को लेकर महिला को जमकर पीटा। जबरदस्ती मुंह खोलकर चूहा मार दवा खिला दी। इसके बाद जान से मारने की नीयत से कई बार सिर दीवार में मारा। शरीर पर कई जगह चोट आई है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति शकील, ससुर रजमानी, सास मुन्नी व देवर, अल्ताफ, वकील, अनीस के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी फरार चल रहे हैं।

### चुनाव में गड़बड़ी करने की योजना बनाते 7 गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में एक विशेष पार्टी को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के लिए गड़बड़ी कर शांतिभंग करने की योजना बना रहे सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

लोकसभा चुनाव में एक विशेष पार्टी को ज्यादा से ज्यादा लोगों से वोट दिलाने के लिए शनिवार को पोलिंग बूथ पर गड़बड़ी कर शांतिभंग करने की योजना बना रहे लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने यहां से थाना क्षेत्र के गांव जोगीपुरा निवासी फरमान, सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना दानिश व फुरकान, मुहल्ला कोटला निवासी रमजानी, थाना क्षेत्र के गांव मऊभूड़ निवासी इसरार, गांव लहरा कमंगर निवासी रहीश अहमद और हयातनगर के मुहल्ला तुर्को वाली मस्जिद निवासी रिजवान को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।



संगठनात्मक बैठक में मंचासीन राज्यमंत्री गुलाब देवी, जसवंत सैनी और भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# शक्ति केंद्र प्रभारियों व बूथ अध्यक्षों को कसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शनिवार को बदायूं रोड स्थित ओएलएफ में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शक्ति केंद्र प्रभारियों व बूथ अध्यक्षों को कसा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की बूथ संरचना बहुत सक्रिय रहती है। जिसमें शक्ति केंद्र से लेकर बूथ अध्यक्ष तक अपने कार्य को लगन और सुचारू रूप से करता है। अब चुनाव का समय बहुत नजदीक है। इसलिए हमें प्रत्येक बूथ पर मतदाता बैठक की जाए और मोदी जी के पत्रक को लेकर प्रत्येक घर जाकर उन्हें सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताएं। शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए बूथ पर विशेष संरचना बनाकर अधिक से अधिक मतदान कराकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का कार्य करें। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, राजेन्द्र अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा और हरीश ठाकुर, डॉ. अनामिका यादव, आकाश पाल, हेमंत राजपूत, जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, राकेश चौहान, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, सुभाष भटनागर, सूर्यप्रकाश पाल, ओमप्रकाश गोला, ओमवीर खड़गवंशी, डॉ. टीएस पाल, अभिनव शर्मा, अंकुर अग्रवाल, ललित मोहन, नीलम अरोरा, रश्मि वार्ष्णेय, नरेंद्र आचार्य, गौतम सिंह आदि रहे।

# मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जनपद संभल में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन और सामाजिक संगठन मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बीएमजी इंटर कालेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत और अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कालेज में नारायण सेवा समिति की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं को मतदान करने व मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

बीएमजी इंटर कालेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत 1090 महिला हेल्पलाइन डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर संगीता भार्गव ने शिक्षिकाओं और छात्राओं को शपथ दिलाई। प्रधानाचार्या सीमा सागर, रजनी, स्नेहलता भारद्वाज, शिप्रा शर्मा, पायल, रीता, उर्वशी, पूजा आदि का सहयोग रहा।

उधर श्री नारायण सेवा समिति की ओर से अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता किया। मुख्य वक्ता डॉ. टीएस पाल रहे। समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया ने भी संबोधित किया।

इस दौरान विद्यार्थी अपने हाथों में सबसे पहले मतदान जरूरी-तब होगी अभिलाषाएं पूरी आदि प्रेरक स्लोगन लिखी हुई पट्टिकाएं लिए हुए थे। अंत में समिति के प्रबंधक ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय, डॉ. जयशंकर दुबे, नितेश उपाध्याय समेत सुधा सरोज, डॉ. ममता चौधरी, रिचा वर्मा, शिवानी, किरण राव एवं निधि अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।



छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते समिति पदाधिकारी।

### रेस लगा रहे बाइक सवारों ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, दो घायल

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पंजू सराय निवासी चालक मोहम्मद कासिम शुक्रवार की देर रात ई रिक्शा में शंकर चौराहे के पास स्थित निजी अस्पताल से सवारी बैठाकर सरायतरीन जा रहा था।

कोतवाली क्षेत्र में मुहल्ला हल्लूसराय में संभल मुरादाबाद मार्ग पर दो बुलेट मोटर साइकिल सवार रेस लगा रहे थे। जिसमें एक बुलेट मोटर साइकिल तो ई रिक्शा से टकराने से बच गई, लेकिन पीछे से आ रही दूसरी बुलेट मोटर साइकिल ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और मोहम्मद कासिम व बुलेट मोटर साइकिल चालक भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने मोहम्मद कासिम व बुलेट मोटर साइकिल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# मकान के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- आजाद रोड पर हुआ हंगामा, बाद में बनी आपसी सहमति

**अमृत विचार:** आजाद रोड पर मकान के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद दोनों पक्षों में एक सप्ताह बाद मकान के बंटवारे पर सहमति बन गई।

अनुराधा गुप्ता पत्नी स्व. राजीव कुमार की ससुराल चन्दौसी में है। उनके पति की 2016 में मौत हो गई थी। तभी से वह अलीगढ़ में रहकर अपने बच्चों को पढ़ा रही हैं। जबकि उनका मायका हाथरस का है।

महिला के पति व जेठ की एक संपत्ति (मकान) आजाद रोड पर है। जिसमें महिला के जेठ की संपत्ति अन्य सुमित अग्रवाल निवासी सुभाष रोड ने खरीद ली है। आज सुमित अग्रवाल अपने हिस्से में नींव का भराव करा रहे थे। तभी महिला अनुराधा पहुंच गई और बिना उनकी उपस्थिति बंटवारा करने का आरोप लगाया तथा एक कमरे का ताला तोड़ने की बात कही। जिससे दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामा होता देख सुमित वहां से चले गए।

पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता की। सुमित पक्ष कोतवाली पहुंच गया, मगर दूसरा महिला का पक्ष कोतवाली नहीं पहुंचा। बताया जाता है दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। जिसमें तय हुआ है कि एक सप्ताह बाद महिला दोबारा आएगी। तब मकान का बंटवारा किया जाएगा। जिसके चलते कार्य रोक दिया गया है।



स्कूल में चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूल में छात्र-छात्राओं का विभिन्न पदों के लिए चुनाव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के बहजोई रोड स्थित सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं का विभिन्न पदों के लिए चुनाव हुआ। हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट हेड बॉय, स्पोर्ट हेड गर्ल व क्लास मॉनिटर्स पद के लिए चयन हेतु वोटिंग कराई गई। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशी छात्र-छात्रा को वोट देकर अपनी भागीदारी निभाई। हेड बॉय के लिए कक्षा 12 से उदय प्रताप सिंह, तरुण, परशुराम यादव, हेड गर्ल के लिए कक्षा 12 से मुस्कान, रूबी, निशा बी, स्पोर्ट हेड के लिए कक्षा 12 से विवेक, हर्षित, शुभ सैनी, आयुष तथा स्पोर्ट हेड गर्ल के लिए कक्षा 12 से अदिति व गरिमा ने नामांकन किया। विद्यालय प्रबंध समिति से बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश सर्राफ, आलोक गोयल, प्रधानाचार्य कपिल दीप, एडमिनिस्ट्रेटर शोभित राघव ने नामांकित छात्र-छात्राओं का मार्ग दर्शन किया। चुनाव कमेटी में चुनाव आयुक्त के रुप में अमित चौहान, काउंटिंग हेड गीतिका मिश्रा, उदित रस्तोगी, शुभम अग्रवाल, डिसिप्लिन टीम में मुस्कान, प्रशांत सक्सेना समेत स्टाफ का सहयोग रहा।

### पीएम श्री योजना से जिले के विद्यालयों में कराए जाएंगे कार्य

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले के चयनित विद्यालयों की सूरत बदलने के लिए पीएम श्री योजना के माध्यम से कार्य किए जाएंगे। बीएसए डॉ. मोनिका ने योजना में स्वीकृत प्रथम एवं द्वितीय चरण के 14 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में बीएसए ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय भवन की रंगाई, पुताई कराई जाएगी। पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय में मल्टीपर्पज हॉल, ग्रीन व्हाइट गोल्ड की व्यवस्था की जाएगी। मंडी धनौरा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सुंदर माफी एवं चकनवाला में निर्माण कार्य होगा। अमरोहा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय में स्वीकृत अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण एवं सात विद्यालयों में स्वीकृत बाल वाटिका के निर्माण कार्य होंगे। बीएसए ने कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

# तैय्यब के पिता ने बताया रायफल से अचानक चली थी गोली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सिपाही के आत्महत्या के मामले में आया नया मोड़

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सिपाही द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में सिपाही के पिता ने जीआरपी को बयान देकर मामले में नया मोड़ दिया है। उनके मुताबिक यह घटना इत्तेफाक से हुई, सर्विस रायफल से अचानक गोली चली और तैय्यब की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है।

बागपत जिले में तैनात सिपाही तैय्यब ने शुक्रवार शाम को अमरोहा के रेलवे स्टेशन पर सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उसका शव बेंच पर खून से लथपथ पड़ा मिला था। सूचना पर स्टेशन पहुंचे परिजन भी घटना को लेकर दंग रह गए थे। एसपी रेलवे, एएसपी राजीव कुमार सिंह व सीओ सिटी अरूण कुमार सिंह समेत जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया था। बाद में जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया था। मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम हुआ। देर रात शव परिजनों को सौंप दिया था। इसके बाद परिजन शव को जोया कस्बे के मोहल्ला खेड़ा में घर ले आए।

शनिवार दोपहर शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। वहीं, घटना को लेकर शनिवार को मृतक के पिता शौकीन खान ने जीआरपी को लिखित बयान दिया। उन्होंने आगे की कार्रवाई से इनकार करते हुए घटना को इत्तेफाक बताया। उनके मुताबिक अचानक गोली चलने से उसकी मौत हुई। जीआरपी चौकी इंचार्ज सचिन कुमार मलिक ने बताया कि शुक्रवार को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर हुए प्रकरण में मृतक के पिता ने घटना को इत्तेफाक बताया है। मामले में कार्रवाई से इंकार किया है।

**अनदेखी** गांव में सड़कों पर गंदगी और जलभराव से जूझ रहे हैं लोग, नहीं हो रही सुनवाई

# गंदगी और जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचार:** विकास खण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम मानकपुर नरौली के ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गांव में सफाई कर्मी नियमित नहीं आता। घरों से आ रहे गंदे पानी की निकासी बाधित है। जिससे सड़कों पर गंदगी के साथ जलभराव रहता है। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक अधिकारियों से शिकायत की और नाला निर्माण करा कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने शनिवार को गांव में प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों से समस्या समाधान की मांग की।

गांव मानकपुर नरौली में गांव के बाहर उत्तर दिशा में तालाब है। यहां कोई नाला नहीं है। जिससे घरों से आ रहा गंदा पानी नालियों से होते हुए गांव के बाहर ग्राम समाज के गड्ढे में जमा हो जाता है। इतना ही नहीं ग्रामीणों के अनुसार गांव में सफाई नियमित नहीं होती।

दो-दो माह बाद सफाई कर्मी सफाई करने आता है। जिससे नालियां चोक होने से नाली की गंदगी सड़क पर पसरी रहती है। नाली का पानी भी उफन कर सड़क पर जमा हो जाता है। आलम ये कि ग्रामीणों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। मजबूरन ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गंदगी से मच्छर पनप रहे हैं। गांव में बीमारियों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक अधिकारियों तक शिकायत कर चुके हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में भी फरियाद की जा चुकी है। हर बार आश्वासन ही मिलता रहा। समस्या का समाधान नहीं हुआ।



मानकपुर नरौली में सफाई कराने की मांग करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



मेरे घर के आगे हमेशा जलभराव रहता है। गंदगी से उठने वाली दुर्गंध में घर के आंगन में भी बैठना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही।

-हमीद अली



मेरे घर के दरवाजे पर ही जलभराव रहता है। आए दिन बच्चे फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। सफाई कर्मी भी दो माह बाद आता है। मजबूरी में घर के आगे की नाली खुद ही साफ करनी पड़ती है।

-नाशरा

### बच्चों की माताओं ने फैशन शो में लिया हिस्सा

**संभल अमृत विचार :** नगर के बाल विद्या मंदिर नर्सरी स्कूल में मदर्स डे को लेकर कार्यक्रम हुआ। जिसमें बच्चों की माताओं ने फैशन शो में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एलकेजी के बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया। शुरूआत फैशन शो से हुई। जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। फैशन शो में महिलाओं ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। निर्णायक में दिव्या शर्मा और हेड मिस्ट्रेस पल्लवी रस्तोगी रहीं। इसके अलावा गुब्बारा गेम, लेफ्ट एंड राइट गेम, म्यूजिकल चेयर में भी माताओं ने हिस्सा लिया। अंकिता गर्ग ने सभी गेम कराए। कार्यक्रम में स्टाफ का सहयोग रहा।

### खोया-पाया

मेरी एक किता आराजी जिसका मूल बैनामा बही संख्या-1, जिल्द संख्या-8246, पृष्ठ संख्या-22 क्रमांक 7826 पंजीकृत दिनांक 25-11-2017 दिनांक 20-02-2024 को संभल तहसील जाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गया। जिस किसी को मिले सूचित करने का कष्ट करें। एडवोकेट कपिल चौधरी, कचहरी मुरादाबाद- 9412322182/ इकरार पुत्र साबिर, निवासी मोहम्मदपुर टांडा थाना संभल- 9917278380

### Lost & Found

One of my kita aaraji whose original deed book Number- 1, Volume Number- 8246, Page Number- 22 Number- 7826 Registered Date 25-11-2017 Going to Sambhal Tehsil on 20-02-2024 Time got lost somewhere along the way. Whomever If found, please inform. Advocate Kapil Chaudhary, Kachari Moradabad 9412322182 / Ikrar son of Sabir, Resident of Mohammadpur Tanda Police Station Sambhal- 9917278380.

# बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करें : डीएम

## बैठक में बिजनौर बैराज रोड पर स्ट्रीट लाइट्स लगाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिले में पिछले कुछ महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने सर्वे मैनेजर मेरठ के ठीक से कार्य न करने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि बिजनौर बैराज रोड पर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था की जाए। जिससे वहां दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कहा कि बैराज रोड पर सुरक्षात्मक चिह्न, साइनेज, रेट्रो रिफलेक्टिव टेप व रेलिंग की रिपेयरिंग आदि का कार्य जल्द कराएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों और प्राथमिकता पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें ताकि दुर्घटना की आशंका कम हो। कहा कि सड़क पर कोई भी अनफिट वाहन नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि अभियान चलाकर बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करें। स्कूल एवं कॉलेजों के बाहर चेकिंग करें और हेलमेट का प्रयोग न करने वाले छात्रों को हेलमेट का प्रयोग करने के लिए निर्देशित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेड लाइट जंपिंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव वाजपेई, जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

## एक नजर

### दो पक्षों में संघर्ष में चार लोग घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** दो पक्षों में किसी बात को लेकर संघर्ष हो गया। मामला क्षेत्र के मुढ़ाला गांव का है। जहां पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। संघर्ष में चार लोग जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि शनिवार शाम तक किसी भी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। शांति व्यवस्था बनाने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल पर मौजूद है।

### 300 किलो डोडा पोस्त बरामद, दो आरोपी पकड़े

**हल्दौर, अमृत विचार :** हल्दौर पुलिस एवं एएनएफटी यूनिट मेरठ ने राशिद उर्फ लाला पुत्र इल्यास निवासी ग्राम लाठरदेवा हूण थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार, हरजीत सिंह पुत्र सूरजमल निवासी ग्राम खेड़ा मुगल थाना देवबन्द सहारनपुर को 300 किलो डोडा पोस्त और तीन मोबाइल, एक ट्रक यूके08सीए3736 सहित गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में थाना हाजा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में हल्दौर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक बृजकिशोर थाना हल्दौर, उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह यादव थाना हल्दौर शामिल रहे।

### घायलों की मदद के लिए किया जागरूक

**अमरोहा, अमृत विचार :** एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत घायलों को अस्पताल पहुंचने के लिए लोगों को जागरूक किया। शनिवार को अतरासी बाइपास पर स्थित मोटर ट्रेनिंग स्कूल में कार्यशाला में महेश कुमार शर्मा ने रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हादसे में घायल लोगों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान मोहम्मद शफी ने क्लब के सदस्यों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व हादसों से बचाव के टिप्स दिए। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य पीयूष शर्मा, जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह भीम सिंह रहे।

अमरोहा की खबरें पेज आठ पर भी

## जूस पी रही पत्नी को पीटकर फरार हुआ पति

**बिजनौर, अमृत विचार :** भाई के साथ जूस पी रही महिला को उसके पति ने पीट दिया और साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। आरोपी के एक अन्य साथी को लोगों ने पकड़ लिया था। जिसे पुलिस को सौंप दिया।

मामला बिजनौर रामलीला ग्राउंड के सामने का है। जहां पति से चल रहे विवाद के मामले में कोर्ट से भाई दीपक के साथ लौट रही अनूपा निवासी गांव कुलचाना थाना चांदपुर जूस पीने के लिए रुकी थी। तभी उसके पति अमित कुमार निवासी नई बस्ती बिजनौर ने उसे पीटा और बाइक की ओर भागा। जिस पर उसका साथी पहले से तैयार था। भागते समय एक साथी वहीं रह गया। जिसे लोगों ने पकड़ लिया। अनूपा ने बताया की उसका पति से विवाद चल रहा है, जिसमें वह कोर्ट में तारीख पर आती है। पिछली 16 अप्रैल की तारीख पर भी उस पर हमला किया था, जिसकी लिखित में शिकायत थाने में दी गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब फिर उस पर हमला किया गया। अनूपा ने चेतावनी दी कि अगर उसके पति अमित कुमार के विरुद्ध पुलिस ने दो दिन में कार्रवाई नहीं की तो वह आत्महत्या कर लेगी।

## सार-संक्षेप



राहगीरों को ठंडा पानी पिलाते स्काउट एंड गाइड। ● अमृत विचार

### स्कॉउट एंड गाइड ने राहगीरों को पिलाया पानी

**नगीना, अमृत विचार :** तेज धूप में घरों से निकले राहगीरों को स्कॉउट एंड गाइड की ओर से नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर इकबाल मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल द्वारा पेयजल शिविर लगाया गया। जिसमें आयशा परवीन, फलक परवीन, शबनूर परवीन, अलसाबा नाज, नशरा परवीन, जिकरा, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद इमरान, हसन जावेद, डॉ. शेख नगीनवी, परवेज पाशी, जावेद हुसैन सिद्दीकी, जावेद अहमद आदि मौजूद थे। एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी ने बस स्टैंड पर पहुंच कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला।



शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### शतरंज के सेमीफाइनल में वर्धन और लवीश ने जीते मैच

**बिजनौर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में दो दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का आरंभ स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्र पाल सिंह ने किया। सीनियर वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला वर्धन एवं कार्तिक में हुआ, जिसमें वर्धन ने फाइनल में जगह बनाई। दूसरा मुकाबला अंश एवं लवीश में हुआ, जिसमें लविश ने फाइनल में जगह बनाई। सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला वर्धन और लवीश के बीच खेला गया। जिसे वर्धन ने जीत लिया। जूनियर वर्ग का सेमीफाइनल शशांक एवं नैतिक में हुआ। शशांक ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला तनिष्क एवं आहद में हुआ, जिसे तनिष्क ने जीत फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला शशांक एवं तनिष्क में हुआ। जिसमें शशांक ने प्रथम व लवीश ने दृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक राकेश कुमार व खुशबू सोढ़ी ने किया। दीपक, पारुल मेहरा, रेनुका गौतम व ललिता त्यागी ने सहयोग दिया।

### देशी शराब की दुकान बंद कराने की मांग

**नगीना, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने तहसीलदार को मांगपत्र सौंपकर स्कूल के पास खुली देशी शराब की दुकान को बंद कराने की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम हरबंशपुर धारम निवासी नत्थू सिंह, सोमपाल सिंह, अमित कुमार, जय प्रकाश, भारत सिंह, उमेश सिंह, जगवती, सावित्री देवी ने शनिवार को ग्रामीणों के हस्ताक्षर किए मांग पत्र को तहसीलदार संतोष सिंह को सौंपा। इसमें कहा कि गांव के प्राथमिक स्कूल के पास ग्रामीण कुड़वा सिंह की भूमि में एक मई को देशी शराब की दुकान खुल गई है। जहां शराबी सड़क पर खड़े होकर गाली गलौज करते हैं। जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ने के साथ गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। जिससे कभी भी शांति भंग हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग पत्र में गांव के प्राथमिक स्कूल के पास खुली देसी शराब की दुकान को बंद कराने की मांग की गई है।

## दहशत का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में हुआ कैद

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र हल्दौर के गांव चांदा नगंली में कई दिनों से दिखाई दे रहा गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

शनिवार सुबह छह बजे बिजनौर रेंज के हल्दौर सेक्शन से चांदा नंगली क्षेत्र से गुलदार का रेस्क्यू किया गया। क्षेत्र में लगातार गुलदार देखे जाने के मामलों के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव की अनुमति पर पांच दिन पहले ही पिंजरा लगाया गया था। जिसकी मॉनिटरिंग बिजनौर रेंज स्टाफ से कराई जा रही थी। शनिवार सुबह गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। जिसका रेंज कार्यालय बिजनौर लाकर परीक्षण कराया। जांच में गुलदार पूरी तरह से स्वस्थ्य मिला। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर गुलदार को बाहर भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीणों से वन विभाग के अधिकारियों ने अपील की है कि कहीं भी गुलदार दिखाई देने पर उसे घेरने की कोशिश न करें। गुलदार का स्वभाव है कि वह भीड़ की और भागता है। इससे आमजन के घायल होने या जानमाल का नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण वन चौकी या वन रेंज को सूचित करें एवं वन विभाग का सहयोग करें ताकि वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।



पिंजरे में कैद गुलदार। ● अमृत विचार

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव चौरहा के जंगल में आम के पेड़ से सीतापुर निवासी व्यक्ति का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को पेड़ से उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जिला सीतापुर के थाना कंभौर के गांव आंदपुर निवासी 25 वर्षीय रोहित पुत्र राममूर्ति नहटौर क्षेत्र के गांव समसपुर में किसान सौरभ के यहां नौकरी करता था। बताया जाता है कि वह एक बजे किसान के घर से जंगल के लिए निकला था। तीन बजे कुछ महिलाएं जंगल गई थी। उन्होंने आम के पेड़ पर रोहित का शव लटका देखा। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर परीक्षण किया। मृतक की जेब से रूमाल व किसान के नलकूप की चाबी मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## दो वाहनों की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, हल्दौर

**अमृत विचार :** सामान से लदी मैक्स गाड़ी व सवारियों से भरी कार की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे पैजनिया चौराहे पर सामान से लदी मैक्स गाड़ी और सवारियों से भरी ईको कार की टक्कर हो गई। हादसे में जनपद अमरोहा निवासी होराम, मधुसूदन, जितेंद्र और सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बिजनौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हल्दौर थाना प्रभारी रामप्रताप ने बताया कि दुर्घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, शनिवार सुबह पांच बजे रेलवे फाटक पार निवासी 65 वर्षीय ओमवती शर्मा पत्नी स्व. आनंद शर्मा टहलने के लिए घर से निकली थीं। जैसे ही वह ब्लॉक कार्यालय के निकट पहुंची तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गईं। हादसे में ओमवती शर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद अन्य राहगीरों ने उनके घर पर सूचना दी। जिसके बाद उन्हें सीएचसी हल्दौर लाया गया। जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बिजनौर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी है।



क्षतिग्रस्त मैक्स। ● अमृत विचार

# डीएम, एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट के लिए मतदान दूसरे चरण में हो गया। लेकिन लोगों को सांसद मिलने में अभी 30 दिन का समय और लगेगा, क्योंकि वोटों की गिनती चार जून को होगी। फिलहाल ईवीएम को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। जहां पर 24 घंटे अर्द्ध सैनिक बल के जवान तैनात हैं। शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

अमरोहा में प्रशासन मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। अमरोहा लोकसभा में पांच विधानसभाएं आती हैं, जिसमें अमरोहा, मंडी धनौरा, हसनपुर और नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती अमरोहा मंडी समिति में होगी, जबकि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती हापुड़ में बनी मंडी समिति में होगी। मतगणना के लिए एजेंट बनाए जाएंगे। धीरे-धीरे मतगणना के लिए एक-एक दिन कम हो रहा है। अब से एक माह का समय है। इसके बाद अमरोहा को अपना सांसद मिल जाएगा। इस बार लोगों के बीच चर्चा है कि भाजपा और गठबंधन उम्मीदवारों के बीच कड़ा है। लेकिन अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। मंडी समिति में ईवीएम की कड़ी सुरक्षा की जा रही है। हर दिन वरिष्ठ अधिकारी स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हैं। उस क्षेत्र में किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। **यह रहे उम्मीदवार :** अमरोह लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिले में 17 लाख 16 हजार 441 मतदाता हैं। अमरोहा में 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा लोकसभा सीट पर 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा के चौधरी कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस के दानिश अली, बसपा के मुजाहिद चौधरी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के सुहैल हैदर, निर्दलीय कुशाग्र, कुमदेश कुमार, जीतपाल राणा, दानिश, नईमुद्दीन, नरेंद्र सिंह, काशिफ हुसैन, सुरेश शामिल हैं।



अमरोहा में मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

### चार जून को होगी मतगणना

**अमरोहा, अमृत विचार :** जनपद में चार जून को मतगणना की जाएगी। जिसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंडी समिति में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां हर रोज अधिकारी चेकिंग करते है। मंडी समिति के इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं है। शनिवार को डीएम और एसपी ने अन्य अधिकारियों संग स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों फुटेज देखी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह, पुष्कर नाथ, पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि अधिकारी रहे।

## लोहे के स्ट्रक्चर के नीचे दबा वेल्डिंग मिस्त्री, मौत

**आदमपुर, अमृत विचार :** नोएडा में वेल्डिंग मिस्त्री चार मंजिल पर काम कर रहा था। लोहे का स्ट्रक्चर ऊपर उठाते समय छूट गया और वह उसके नीचे दब गया। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

आदमपुर निवासी तस्लीम सैफी का 17 वर्षीय बेटा वसीम नोएडा में वेल्डिंग का काम करता था। गुरुवार को चार मंजिल बिल्डिंग पर लोहे के स्ट्रक्चर पर वेल्डिंग का कार्य करने के बाद उसे ऊपर लगाने के लिए जैसे ही उठाया, तभी नीचे गिर गया और वह लोहे के स्ट्रक्चर के नीचे दब गया। साथ में काम कर रहे युवकों ने वसीम को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही मातम छा गया। मृतक के परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का दफीना कर दिया।

## ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अर्पित, आंचल प्रथम

**किरतपुर, अमृत विचार :** शनिवार को कसौर रोड स्थित एसएम पब्लिक स्कूल में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता व एसएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव चौहान ने किया। प्रतियोगिता में आठ न्याय पंचायत से अंडर नौ, 11 एवं 13 आयु वर्ग के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंडर 13 बालक वर्ग में ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के अर्पित ने प्रथम स्थान, अंजुमन उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीकतपुर प्रयाग ने द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान जयंत भारती सेंट पीटर स्कूल किरतपुर में हासिल किया तथा बालिका वर्ग में आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसौना जट ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान कनक तथा तृतीय स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय खटाई की सुमैया रही।

# चाय विक्रेता ने चाकू से हमला कर ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

● बचाने आए चार लोगों को किया जख्मी, दो की हालत नाजुक

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** खौद चौराहे पर दिनदहाड़े चाय बेचने वाले युवक ने ग्रामीण सहित पांच लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें अधेड़ अमीर अहमद की मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी युवक को नशे का आदी बताया जा रहा है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी के पिता को हिरासत में ले लिया गया है।

शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद चौराहे पर काशीपुर आंगा निवासी अमीर अहमद की साइकिल मरम्मत की दुकान है। उसके पास में ही गांव खौद निवासी वासिक की चाय की दुकान है। शनिवार दोपहर अमीर अहमद पड़ोसी वासिक की दुकान पर चाय पी रहा था। इस दौरान अमीर अहमद ने चाय पर कमेंट कर दिया। इससे खफा वासिक ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अमीर अहमद को बचाने आए पड़ोसी चार दुकानदारों को भी वासिक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। इसके बाद वासिक चाकू लहराता हुआ मौके से फरार हो गया।

सूचना पर चौकी इंचार्ज अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अमीर अहमद (45 वर्ष) की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि शाकिर, गौरव सैनी, राहत जान को भर्ती कर लिया गया। घायलों में दो दुकानदारों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मामूली घायल होने पर चिकित्सकों ने फरजान की प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पिता भूरा को हिरासत में ले लिया है।

## लखनऊ से फरार एक सोना तस्कर गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** एक माह पूर्व लखनऊ एयरपोर्ट से कस्टम अधिकारियों को चकमा देकर फरार हुए टांडा के 29 आरोपियों में से एक को लखनऊ से आए कस्टम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार की शाम तहसील टांडा के मोहल्ला राहूपुरा में छापा मारकर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि टीम युवक को पकड़ कर लखनऊ ले गई है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घरों पर दबिश दी। लेकिन कोई आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस की कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने आरोपियों को छह मई तक आत्मसमर्पण करने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# विवाहः पवित्र सामाजिक संस्कार



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है, लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है, लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं, ''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत, शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

# गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं क्रूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है, क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है, वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है, लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है, लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए, क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है, लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं, वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं, क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं, लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके, लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

# वनाग्नि का हो स्थायी समाधान



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है, साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

## प्रथम कर्तव्य देशहित



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है, एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई, किसी का बेटा, किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है, संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था, लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता, तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता, परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

## पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे, लूट खत्म होगी, घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे, बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें, स्कॉलरशिप क्यों न दे दें, यतीमखाने में क्यों न दे दें, तालाब क्यों न खुदवा दें, इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है, लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है, वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे, अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए, जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

# दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा, बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से, वह व्यवहार जो कहीं न कहीं, शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल, जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था, जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे, किंतु नहीं कर पा रहे थे, जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं, किंतु नहीं कर पा रही थीं, वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा, बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से, वह व्यवहार जो कहीं न कहीं, शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल, जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था, जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ, तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं, फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं, जिस धरती से मैंने प्यार किया है, एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा, हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो, किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य, वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना, मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही, बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

## जीएसटी की वसूली



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य, एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती, अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है, क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए, यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं, जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए, बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता, क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है।

# चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

**चुनावी मुद्दा**

## राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
## चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

### परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**1.8** करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

**19.47** करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



**27%** लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

**30%** से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है।

### 62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35.2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

### कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

**राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती:** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

**विदिशा में शिवराज का सिक्का:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

### हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

### भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।



**मारेंगे मैदान** पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।



**हक के लिए उठे हाथ** आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

## लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

**चुनाव डेस्क।** झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

# अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

**खूंटी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।



अर्जुन मुंडा।



कालीचरण मुंडा।

### दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

### आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

# बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

**पुरी की चुनावी कथा**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल बढ़ गई है। अब कांग्रेस को यहां नये चेहरे के साथ मैदान में उतरना होगा। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की । एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया है तो देखना यह है कि पार्टी किसे उम्मीदवार बनाती है।



अरूप पटनायक।



संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार के टिकट वापस करने से कांग्रेस के लिए खड़ी हुई मुश्किल

### चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आई टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था। अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

**समझाया गणित**



नेशनल कांफ्रेस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

# दबदबा दोनों का, दांव बैठेगा किसका

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को प्रदेश की जिन 10 सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, संभल, बदायूं, आवंला और बरेली में मतदान होने जा रहा है, उनमें से पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा की साइकिल केवल संभल और मैनपुरी में ही दौड़ सकी थी। इस बार भाजपा ने इन सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं जबकि इंडिया गठबंधन से एक सीट पर कांग्रेस और नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ रही है। बसपा ने भी सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन बरेली लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो जाने से उसके भी नौ प्रत्याशी ही मैदान में हैं।

हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, आंवला और बरेली में लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा की जीत का अंतर काफी बड़ा था, सिर्फ फिरोजाबाद और बदांयू सीटों पर उसे टक्कर मिली थी और जीत क्रमशः 28,781 और 18,454 वोटों में सिमट गई थी। यह दोनों ही सीटें समाजवादी पार्टी की गढ़ मानी जाती हैं। 2014 के चुनाव में इन 10 सीटों में सपा ने पांच सीटें जीती थीं। मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव, कन्नौज से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से धर्मेंद्र यादव जीते थे। समाजवादी पार्टी के लिए इस बार सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पिछली बार की तरह बसपा और रालोद उसके साथ नहीं है। इस बार समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का साथ तो मिला है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के अकेले चुनाव मैदान में उतरने से इन 10 में से आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

**2019 में जीत का आंकड़ा**

08 भाजपा

2 सपा

**तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटें, मैदान में प्रत्याशी**

| 10 | 09 | 09 |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

60.52% मतदान हुआ था पिछली बार तीसरे चरण में

## तीसरा चरण : भाजपा-सपा का रण

| 01 | 02 | 13 | 4.95 |
|---|---|---|---|
| केंद्रीय मंत्री की आगरा में दांव पर लगी है प्रतिष्ठा | योगी सरकार के मंत्रियों की मैनपुरी व हाथरस में परीक्षा | महिला प्रत्याशी थीं 2019 चुनाव के तीसरे चरण में | लाख वोटों से 2019 में भाजपा जीती थी फतेहपुर सीकरी सीट |


### संभल : सपा के चुनावी समीकरण में सेंधमारी

- सपा ने अपने सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को मैदा में उतारा है। इसके मुकाबले भाजपा ने एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली को टिकट दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में 1.74 लाख मतों से शफीकुर्रहमान बर्क ने परमेश्वर लाल सैनी को हराया था। बसपा की नजर दलित के साथ मुस्लिम मतदाताओं पर है जबकि सपा अपने मुस्लिम-यादव समीकरण के साथ दलित वोट बैंक पर निगाह जमाए है। भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी योगी-मोदी के नाम पर वोट जुटाने में लगे हैं।

- प्रदेश में तीसरे चरण की 10 में ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के बीच चुनावी संग्राम



- बसपा कुछ सीटों पर संघर्ष त्रिकोणात्मक बनाकर सपा के लिए बढ़ाती दिख रही है चुनौती



### बरेली : बसपा के वोट हड़पने की मारामारी

भाजपा ने यहां से आठ बार के सांसद संतोष गंगवार की जगह पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार पर भरोसा जताया है। छत्रपाल 2022 में बहेरी विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे। शुरू में उनकी प्रत्याशिता का स्थानीय स्तर पर विरोध हुआ पर भाजपा ने हालात संभाल लिए। यहां सपा ने कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया है। ऐसे में उन्हें सपा और कांग्रेस दोनों का वोट मिलेगा। इस सीट बसपा उम्मीदवार का पर्चा रद्द होने के बाद भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर में लड़ाई अब बसपा के वोट हथियाने की तरफ मुड़ गई है। पांच लाख मुस्लिम और करीब चार लाख कुर्मी मतदाताओं के कारण दोनों दल जातीय समीकरणों में मजबूत नजर आ रहे हैं।

### मैनपुरी में विरासत और बदलाव में सीधी टक्कर

- मैनपुरी लोकसभा सीट पर विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का मुकाबला योगी सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से है। वह मैनपुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में डिंपल यादव कन्नौज से हार गई थीं लेकिन मुलायम सिंह के निधन से कारण खाली हुई मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार अखिलेश के कन्नौज में चुनाव लड़ने और पूरे प्रदेश में प्रचार करने तथा शिवपाल के अपने बेटे की सीट बदायूं में व्यस्त होने से डिंपल को अकेले मोर्चा संभालना पड़ रहा है। इस सीट पर 1996 से सपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली थी। बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने के लिए शिवप्रसाद यादव को खड़ा किया है, लेकिन सीधी टक्कर जयवीर सिंह और डिंपल यादव में है।

### बदायूं है सपा का गढ़, क्या यहां फिर खिलेगा कमल

- सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव फिर शिवपाल यादव और अंत में उनके बेटे आदित्य यादव को उतारा था। भाजपा से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य के स्थान पर दुर्विजय शाक्य चुनावी मैदान में हैं। यहां दोनों ही उम्मीदवार नए हैं। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। 2014 में मोदी लहर के बावजूद सपा के धर्मेंद्र यादव चुनाव जीते थे। यह सीट सपा का गढ़ गिनी जाती है। भाजपा सिर्फ दो बार ही जीत सकी है। सपा का मुस्लिम और यादव समीकरण है, तो भाजपा ने गैर यादव ओबीसी को गोलबंद किया है। बसपा ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को उतार कर सपा की मुश्किल बढ़ाई है, लेकिन सीधा मुकाबला सपा और भाजपा में ही नजर आ रहा है।

### आगरा सीट पर केंद्रीय मंत्री बघेल के सामने दोहरी चुनौती

- आगरा लोकसभा सीट पिछले तीन बार से भाजपा ने जीती है। इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। सपा से सुरेश चंद कर्दम और बसपा से पूजा अमरोही मैदान में हैं। दोनों ही दलित समुदाय से आते हैं और जाटव बिरादरी से तालुल्क रखते हैं। एससी-आरक्षित इस सीट पर, 20 .57 लाख मतदाताओं में लगभग 30% दलित हैं। इनमें से लगभग तीन-चौथाई जाटव हैं, जो बसपा के गिरते प्रदर्शन से तो निराश हैं, लेकिन अधिकतर अभी भी बसपा के साथ हैं। बाजपा वैश्य, ब्राह्मण, पंजाबी, गैर-यादव ओबीसी और दलितों के एक वर्ग का समर्थन पाकर आगरा में जीतती रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा दोनों द्वारा जाटव प्रत्याशी को मैदान में उतारने से लगभग दो लाख मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मुसलमान बड़े पैमाने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन बसपा भी उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही है।

### फिरोजाबाद की तस्वीर में कमल और साइकिल के बीच कांटे का मुकाबला

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर है। यहां एक-दूसरे के मतदाताओं में सेंध लगाने के प्रयास चल रहे हैं। भाजपा के प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह 2014 मे बसपा से भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में भाजपा के डॉ. चंद्र सेन जादौन ने सपा के अक्षय यादव को हराया था। लेकिन भाजपा ने सांसद चंद्र सिंह जादौन का टिकट काट दिया था, जबकि सपा ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां से मैदान में उतारा है। अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के के प्रो. एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी। प्रो. रामगोपाल यादव ने फिरोजाबाद में सपा के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान संभाल रखी है। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद दिया है। बसपा ने सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था, बाद में प्रत्याशी बदल दिया, जिससे वह नाराज थे। बसपा आगरा के चौधरी बशीर को प्रत्याशी बनाया है। वह तीसरा कोण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### फतेहपुर सीकरी : यहां इस बार कठिन चुनौती में फंसे भाजपा सांसद

- सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने रामनाथ सिकरवार को उतारा है। वह प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं। प्रियंका उनके लिए रोड शो करके माहौल भी बना गई हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के राजकुमार चाहर संसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के राज बब्बर को हराया था। भाजपा ने चाहर पर फिर से भरोसा जताया है। लेकिन चाहर के प्रति स्थानीय जनता में नाराजगी भी नजर आ रही है। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी से ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे रामेश्वर चौधरी चाहर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चौधरी बाबूलाल 2014 में भाजपा से यहां के सांसद रह चुके हैं। बसपा से यहां राम निवास शर्मा मैदान में हैं। समीकरण उलझने से कांग्रेस यहां से अपनी जीत की उम्मीद लगा रही है। पार्टी की कोशिश करीब आठ फीसदी मुस्लिम मत बटोरने के साथ ब्राह्मण मतों में सेंध लगाने की है।

### हाथरस में किस बाहरी प्रत्याशी की चमकेगी तकदीर

- भाजपा ने हाथरस सीट से अनूप वाल्मीकि को टिकट दिया है। वह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और योगी सरकार में राजस्व राज्यमंत्री हैं। अनूप से उम्मीद है कि वह वाल्मीकि वोटरों के साथ ही ओबीसी और सवर्ण वोटरों को भाजपा के पाले में रखने में कामयाब रहेंगे। इसी फॉर्मूले से भाजपा को बीते चुनाव में जीत मिली थी, तब राजवीर सिंह दिलेर जीते थे। इस बार पार्टी ने उन्हें मौका नहीं दिया है। सपा कांग्रेस गठबंधन से भी बाहरी प्रत्याशी जसबीर वाल्मीकि हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। सपा वाल्मीकि वोटों में सेंधमारी करके मुस्लिम और यादव वोटरों के सहारे मुकाबले जीतने की रणनीति को अंजाम देने में लगी है। बसपा ने आगर के हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। हाछरस में दलित वोटों की संख्या करीब चार लाख है। इसमें करीब ढाई लाख जाटव वोटर है। इनके साथ दनगर और मुस्लिम वोट मिलने से बसपा खुद को लड़ाई में मान रही है।

### आंवला सीट पर भाजपा के सामने चुनौती का दोहरा मोर्चा

- आंवला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी भाजपा के बड़े नेता लगातार दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। चार दिन में मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। लेकिन सपा की चुनौती कम नहीं हुई है।

### एटा में सपा का शाक्य पर दांव कितना असरदार

एटा लोकसभा सीट को भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता रहा है। 2009 में कल्याण सिंह यहां से जीते थे। इसके बाद बीते डेढ़ दशक से यहां विपक्ष वनवास पर है। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर तीसरी बार इस सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन समीकरण पिछली बार से बदले हैं। सपा इस बार उनके मुकाबले में देवेश शाक्य को चुनाव में लाई है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान को उतारा है। मुस्लिम होने के नाते वह सपा को चुनौती दे रहे हैं। यादव बाहुल्य इस सीट पर सपा के शाक्य प्रत्याशी मैदान में उतारने से कई यादव नेता अखिलेश यादव से नाराज हो गए हैं। एटा सीट पर सर्वाधिक मतदाता लोधी समाज के हैं। इसके बाद यादव और शाक्य भी बहुतायत में हैं। भाजपा सवर्ण, लोधी और शाक्य मतदाताओं के समीकरण पर यहां चुनाव जीतती है, तो सपा यादव, मुस्लिम का मेल बैठाती थी। लेकिन सपा ने इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर यादव, मुस्लिम और शाक्य का समीकरण बनाया है। सपा जहां शाक्य मतदाताओं का अपने साथ होने का दावा कर रही है, वहीं भाजपा यादव वोट अपने खेमे में आने का प्रचार कर रही है। यह देखने वाली बात होगी कि सपा का शाक्य और बसपा का मुस्लिम दांव कितना असरदार होगा।

# कन्नौज में आसान नहीं 'साइकिल' का सफर

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सपा के लिए बसपा संजीवनी भाजपा का कर सकती नुकसान
- सपा दूसरे वर्गों में जितना कर लेगी सेंधमारी, उतना फायदा

**अमृत विचार।** कंकरीली-पथरीली राहों से होते हुए अब कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की तैयारियां जोरों से शुरू हैं तो प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले की घड़ी की भी उल्टी गिनती शुरू है। इस बार भले ही सपा मुखिया मैदान में हैं और जीत को लेकर आश्वस्त हें लेकिन राह इतनी भी आसान नहीं है। भाजपा प्रत्याशी से सीधी टक्कर है तो बसपा से भी उम्मीदवार मैदान में है। ऐसे में बसपा किसी का खेल बनाने तो किसी का बिगाड़ने का काम करने वाली है।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज एक बार फिर से वीआईपी की श्रेणी में आ गया है। सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां से मैदान में हैं तो सामने फिर से भाजपा के सुब्रत पाठक टक्कर दे रहे हैं तो तीसरी ओर बसपा से इमरान बिन जफर भी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी मुखिया के मैदान में होने से सपाई अतिउत्साहित हैं और सौ फीसदी जीत तय मानकर चल रहे हैं। हालांकि वे राह जितनी आसान समझ रहे हैं उतनी तो होने वाली नहीं लगती है। कारण यह कि भाजपा के प्रत्याशी के पास मोदी-योगी के काम के सहारे के अलावा राम मंदिर का भी तुरुप है। यह बात अलग है कि क्षेत्र में कोई काम न होने को लेकर जगह-जगह वोट मांगने जा रहे भाजपाइयों के विरोध का सामना करना पड़ा रहा है। बावजूद इसके वे मानते हैं कि एक वर्ग विशेष के पास भाजपा ही एकमात्र विकल्प है तो वोट तो हर हाल में कमल को ही मिलेगा। उधर, समाजवादी पार्टी बार-बार अपने पुराने विकास कार्य जो कन्नौज की धरती पर कराए वह गिनाने के साथ ही सरकार को घेर रही है कि उसने काम रुकवा दिए। इसके साथ ही देश स्तर के मुद्दे भी देकर जीतने की पूरी कोशिश में हे। दो दिन पहले हसेरन में हुई जनसभा में अखिलेश यादव ने वोट के लिए लगभग सभी दांव खेले। कोरोना वैक्सीन का मुद्दा उठाने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कह बड़े वर्ग को वोट के लिए प्रेरित करने की कोशिश की।

फिर रसूलाबाद की हवाई पट्टी व तिर्वा के पैरामेडिकल कॉलेज को अवंतीबाई के नाम पर करने का भरोसा दिलाकर लोधी वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश की। क्षत्रियों का भी हिमायती बन वोट से फैसला करने आह्वान किया। बसपा की बात करें तो कोर वोट दलित तो किसी और को न मिलने की बात कही जा रही है जबकि विगत चुनाव में यह वोट भाजपा को गया था। इस तरह से यह बड़ा नुकसान भाजपा को झेलना पड़ सकता है। कौम का वोट बहुत अधिक काट सकेंगे इसको लेकर संदेह है।

अब सपा की जीत का गणित समझें तो यादव और मुस्लिम वर्ग के बारे में माना जाता है कि उनका वोट उसी को जो 'भाजपा को हराए।' राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह वोट तो उनका पक्का है। बताया जा रहा है कि हितों की अनदेखी से व्यापारियों का बड़ा वर्ग भी भाजपा प्रत्याशी से नाराज है तो इसे सपा भुनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगी। इसके साथ ही बसपा जितना दलित वोट काटेगी उतना भाजपा को नुकसान तो सपा का फायदा होगा। हालांकि यह तो गुणा-भाग है और जनता फिलहाल मौन है। बात करने पर नाराजगी तो जताती है लेकिन वोट के नाम पर साफ कह दिया जाता है कि मौके पर ही मन बनाएंगे कि किसको चुनें। चुनेंगे उसको ही जो काम कराएगा।

**मांगा समर्थन**



शिकोहाबाद में आयोजित जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबोधित किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहे।

# गैर यादव ओबीसी से सपा ने रचा चुनावी चक्रव्यूह

चुनाव डेस्क



- पार्टी ने सिर्फ 7 प्रतिशत यादव प्रत्याशी उतारे, भाजपा से केवल एक यादव चुनाव के मैदान में

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 80 में से 62 सीट पर चुनाव लड़ रही है, 17 सीटें उसने कांग्रेस और एक तृणमूल कांग्रेस के लिए समझौते में छोड़ी है। अब तक यादव-मुस्लिम समीकरण के सहारे चुनावी रण में उतरती आई समाजवादी पार्टी ने इस बार भाजपा को घेरने के लिए नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाई है। इसके चलते पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश में सिर्फ इस बार पांच यादव प्रत्याशी उतारे हैं। कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, तो मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा किसी भी सीट पर सपा ने कोई भी यादव प्रत्याशी नहीं दिया है,यहां तक कि पूर्वांचल में भी केवल आजमगढ़ में ही यादव प्रत्याशी उतारने का जोखिम उठाया है, जबकि इस इलाके में करीब आधा दर्जन सीटों पर यादव मतदाता प्रभावी भूमिका में है। सपा ने वर्ष 2009 में 11 तो 2014 में 13 और 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 यादव समुदाय के प्रत्याशी प्रदेश में उतारे थे।


बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार चार यादव समाज के प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा ने मैनपुरी सीट से शिव प्रसाद यादव, रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव, सीतापुर में महेंद्र यादव और बलिया से ललन यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। सपा-बसपा के मुकाबले भाजपा ने यादव बिरादरी से सिर्फ दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया है। प्रदेश में करीब आठ फीसदी वोटर्स यादव समुदाय के हैं, जो कि ओबीसी समुदाय की कुल आबादी का 20 फीसदी माने जाते हैं। इस तरह ओबीसी समुदाय में सबसे बड़ी आबादी यादव वोटर्स की है, यादवों को टिकट देने में कटौती करने वाली सपा ने कुर्मी समाज पर दरियादिली दिखाई है।

सपा ने 10 लोकसभा सीटों पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं, जो पार्टी में किसी एक समुदाय के सबसे ज्यादा उम्मीदवार हैं। यूपी में पिछड़ी जातियों में यादव समाज के बाद सर्वाधिक आबादी कुर्मी समाज की मानी जाती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुर्मी समाज से लखीमपुर खीरी में उत्कर्ष वर्मा, बांदा से शिवशंकर पटेल, अंबेडकर नगर सीट पर लालजी वर्मा, बस्ती में रामप्रसाद चौधरी, प्रतापगढ़ सीट पर डॉ. एसपी सिंह पटेल, गोंडा सीट पर श्रेया वर्मा, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, श्रावस्ती सीट पर राम शिरोमणि वर्मा और फतेहपुर में प्रदेश अध्यक्ष नरेश सचान को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रत्याशियों की सूची में जातिगत भागीदारी के लिहाज से 48% से अधिक टिकट गैर-यादव ओबीसी को मिले हैं। 2014 और 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा दोगुना है।

# भाजपा ने ब्राह्मण और राजपूत को दी बराबर भागीदारी

**बदलते समीकरण**

चुनाव डेस्क




- प्रदेश में पार्टी के लगभग 80 फीसदी प्रत्याशी सामान्य और ओबीसी वर्ग से

### सात महिलाओं पर जताया भरोसा

- नारी शक्ति वंदन बिल पास होने के बाद भले ही पार्टी ने महिलाओं को एक तिहाई भागीदारी की बात कही हो, लेकिन चुनावी मैदान में 10 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया गया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सात महिलाओं को ही टिकट दिया है। इसमें भी जातियों का ध्यान रखा गया है। तीन महिला प्रत्याशी सामान्य श्रेणी से हैं तो दो-दो ओबीसी और अनुसूचित जाति वर्ग की हैं। इनमें मथुरा से हेमा मालिनी, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, अमेठी से स्मृति ईरानी, फतेहपुर से निरंजन ज्योति, धौरहरा से रेखा वर्मा, बाराबंकी से राजरानी रावत और लालगंज से नीलम सोनकर हैं।

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 में से 75 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर पार्टी के सहयोगी दल चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की तरफ से सामान्य वर्ग के 33, ओबीसी के 26 और अनुसूचित जाति के 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। जातीय समीकरणों के लिहाज से भाजपा ने 13 ब्राह्मण, 13 राजपूत तथा दो वैश्य उम्मीदवार उतारे हैं। इनके अलावा सामान्य वर्ग को पांच और टिकट दिए हैं, जनमें दो भूमिहार प्रत्याशियों के अलावा एक-एक पंजाबी और पारसी प्रत्याशी भी है। भाजपा ने ओबीसी जातियों में सबसे अधिक छह प्रत्याशी कुर्मी समाज से उतारे हैं। इसके बाद चार लोध, तीन जाट, तीन निषाद और दो गुर्जर जाति के लोगों को टिकट दिए गए हैं। पार्टी ने कश्यप, सैनी, यादव, शाक्य, कुशवाहा और तेली जाति का एक-एक प्रत्याशी मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों में तो भाजपा ने पासी जाति से छह, खटिक से तीन और जाटव जाति के दो लोगों को उम्मीदवार बनाया है। धनगर, धानुक, बाल्मिकी, गोंड और कोरी जाति से एक-एक प्रत्याशी बनाया है।

# फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह होते थे प्रश्नपत्र लीक

## अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी किए गए गिरफ्तार

विनय सिंह, लखनऊ

- सख्त कार्रवाई से शातिरों को संदेश, फिर पर्चा लीक हुआ तो छोड़ेंगे नहीं :अमिताभ यश



एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।

**– अमिताभ यश**, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा एवं नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं।

दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है। बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके।

एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है।

एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।

# बसपा के जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जूतों की माला पहनाकर पीटा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी करते हुए प्रत्याशी बदलने की मांग उठाई

अमृत विचारः डुमरियागंज लोक सभा सीट पर बार-बार बसपा प्रत्याशी बदलने तथा बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने से शनिवार को कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गाड़ी रुकवारकर बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम व जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम को जूतों की माला पहनाने के बाद उनकी जमकर पिटाई की। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता इस बात को लेकर काफी आक्रोश में थे कि पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थानीय स्तर पर किसी भी कार्यकर्ता को टिकट न देकर बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों पर पैसा लेकर पार्टी को गुमराह करके बाहरी व्यक्ति को टिकट दिलाने का आरोप लगाया। कहा कि पार्टी द्वारा ख्वाजा शमसुदीन का टिकट काटकर गोरखपुर के रहने वाले नदीम मिर्जा को प्रत्याशी बना दिया।नदीम मिर्जा ने शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम व अन्य पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

## सार-संक्षेप

### तीसरे चरण के चुनाव के लिए 5 को थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।

### अतुल अंजान का हुआ अंतिम संस्कार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल अंजान का शनिवार की शाम को विद्युत शव दाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में अतुल अंजान के निधन के बाद यह तय हुआ था कि सुबह नौ बजे से 10 बजे तक उनके हलवासिया स्थित आवास पर और इसके बाद डेढ़ बजे तक पार्टी दफ्तर में अंतिम दर्शन का कार्यक्रम चलेगा। अतुल अंजान के अंतिम दर्शन के लिए सीपीआई महासचिव डी राजा, रानी राजा, एटक की अमरजीत कौर, सीपीआईएम के महामंत्री बीजू कृष्णन, राज्य सचिव हीरालाल, विक्रम सिंह, सीपीआई के प्रदेश मंत्री अरविन्द राय, डॉ. गिरीश, समाजवादी पार्टी से राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, रविदास मेहरोत्रा, कांग्रेस से अमीर हैदर, रमेश श्रीवास्तव, आशीष अवस्थी, राष्ट्रवादी कांग्रेस से डॉ. रमेश दीक्षित, सिराज मेहदी, वंदना मिश्रा, शकील सिद्दीकी, वीरेन्द्र यादव, इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर, नाइश हसन और अतुल अंजान की बहनों की मौजूदगी रही।

### राहुल गांधी समेत आठ के पर्चे मिले सही, 16 खारिज

**रायबरेली,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले जिले में मतदान को लेकर 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 3 मई तक चली थी। प्रक्रिया के तहत 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच हुई। आधे-अधूरे व गड़बड़ी वाले 16 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। राहुल समेत कुल 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। 6 मई को नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी के अनुसार राहुल गांधी( कांग्रेस), दिनेश प्रताप सिंह, (भाजपा), ठाकुर प्रसाद (बसपा), सुदर्शन राम (भारतीय पंचशील पार्टी), रोहिताश (सारस्वत मानवतावादी पार्टी), मो मोबीन 9अपना दल कमेरवादी), दिलीप सिंह (अखिल भारतीय अपना दल) और होरीलाल (निर्दल) के नामांकन पत्र सही मिले।

### गाजियाबाद के पूर्व एमएलसी के मामले में जवाब तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, आगजनी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल पूर्व एमएलसी कृष्ण कुमार शर्मा के मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। याचिका में संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही के साथ समन आदेश और आरोप पत्र खारिज करने की मांग की गई है, जिस पर कोर्ट ने अपने अगले आदेश तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पूर्व एमएलसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# आईआईए के दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आईआईए के चुनाव में कई राज्यों के उद्यमी हुए शामिल




दोबारा आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने पर नीरज सिंघल को बधाई देते सदस्य।

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन(आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह, चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों ने वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा। 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवड्र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48 पर अपना कार्य जारी रखेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक् में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

# गैंगस्टर मामले में मुख्तार का नाम हटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश,एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्तार अंसारी से जुड़े गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मुख्तार की मृत्यु होने के उपरांत उसका पत्रावली से नाम हटा दिया है। सुनवाई के दौरान इसी मामले से जुड़े अन्य अभियुक्त जिनमें डॉ. अलका राय, राजनाथ यादव, शेषनाथ यादव, आनंद यादव और मोहम्मद मुजाहिद कोर्ट में उपस्थित थे। शेष अन्य अभियुक्तों की गैर हाजिरी माफी उनके अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को दी गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बताते चलें कि मुख्तार अंसारी विधायक होने के कारण इस गैंगस्टर मामले की सुनवाई विशेष एमपी एमएलए कोर्ट में अभी तक हो रही थी।

# मामूली अपराधों के आधार पर किसी को गुंडा नहीं ठहराया जा सकता

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- आदतन अपराधी ही गुण्डा माना जा सकता है : हाईकोर्ट



**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केवल एक अपराध के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम,1970 के तहत नोटिस जारी कर कार्यवाही करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस न्यायालय के पूर्व आदेशों के बावजूद राज्य सरकार ने उक्त अधिनियम की प्रयोज्यता के संबंध में जिला मजिस्ट्रेटों को कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किया है, जिसके कारण वे और उनके अधीनस्थ लगातार इस अधिनियम के तहत अवैध नोटिस जारी कर रहे हैं।

कोर्ट का मानना है कि इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। इसे कहीं से भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को केवल एक या दो कृत्यों के आधार पर गुंडा नहीं ठहराया जा सकता है। इसके लिए ठोस कारण होने चाहिए।

उसे केवल तभी गुंडा माना जा सकता है, जब वह आदतन अपराधी हो।उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), हापुड़ द्वारा अधिनियम,1970 की धारा 3/4 के तहत पारित कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दाखिल रवि की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, साथ ही कोर्ट ने राज्य को 2 महीने के भीतर 20 हजार रुपए जुर्माना याची को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने विवादित नोटिस रद्द करते हुए सचिव, गृह विभाग, यूपी सरकार, लखनऊ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि राज्य की शक्तियों का प्रयोग करने वाले लोक सेवक कानून की सीमा में रहकर विशेष अधिनियमों का प्रयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है।

बता दें कि याची को आईपीसी, गोवध निवारण अधिनियम और महामारी रोग अधिनियम,1987 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले में फंसाया गया था।

# भावनात्मक रूप से सहारा का नाम जोड़ने की अपील

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- कभी लखनऊ की शान रहे सहारा हॉस्पिटल को अब मैक्स ग्रुप ने कर लिया है अधिग्रहित

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित सहारा हॉस्पिटल के मैक्स हॉस्पिटल होने से चिकित्सकीय सेवाओं में विस्तार हुआ है। मरीजों की संख्या बढ़ी है। इस संबंध में अमृत विचार ने लोगों की प्रतिक्रिया ली तो सामने आया कि सहारा समूह से जुड़े तमाम लोग आहत हैं।

उनका मानना है कि मैक्स ग्रुप ने भले ही इसे अधिग्रहित कर लिया है, लेकिन मैक्स के नाम के साथ सहारा भी जुड़ा रहता तो लोगों का हॉस्पिटल से सीधे जुड़ाव बना रहता। सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय उर्फ सहारा श्री के निधन के मात्र तीन सप्ताह बाद ही सहारा हॉस्पिटल की बिक्री हुई। हॉस्पिटल का मालिकाना हक बदलते ही यहां अपनी सेवाएं दे रहे लगभग 80 चिकित्सक, 350 नर्सेस, 150 पैरामेडिकल समेत सैकड़ों कर्मचारियों में कई के रास्ते बदल चुके हैं। नए स्वामित्व के आने से सहारा समूह में विभिन्न विभागों व संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को रियायत दर पर मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाएं बाधित होने से लोगों को कष्ट है। सहारा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े तमाम लोगों के साथ, सहारा समूह में अपनी जमा पूंजी खपा बैठे लोग भी आहत हैं, कई लोगों ने बताया कि सहारा हॉस्पिटल बिकने के बाद हम लोगों के धन वापसी की उम्मीद कम हो गई है। लोगों का कहना है कि सहारा श्री अपने हर कर्मचारी को परिवार का सदस्य मानते थे। नए कारपोरेट सेक्टर के हाथों में सहारा हॉस्पिटल जाने के बाद नई सेवा शर्तें क्या होंगी, चिंता सता रही है। वैसे भी देश के लाखों लोग सहारा परिवार से सीधे जुड़े थे। एक समय था जब सहारा हॉस्पिटल लखनऊ की पहचान हुआ करता था।

# विश्वविद्यालय ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विवि और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा। बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थानों फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13 हजार 500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बताया कि विवि और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

# हज यात्रियों का टीकाकरण शुरू, पहली उड़ान 9 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हज 2024 के तहत राजधानी के हज हाउस में शनिवार को हज यात्रियों के वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया गया। 166 हज यात्रियों ने हज हाउस पहुंचकर वैक्सीनेशन कराया।

राज्य हज समिति ने हज यात्रियों को भेजे सन्देश में स्पष्ट कहा है कि हज पर जा रहे हज यात्री समय रहते अपनी मेडिकल जांच और टीकाकरण का काम पूरा कर लें क्योंकि इसके आभाव में वह लखनऊ से मक्का-मदीना की उड़ान नहीं भर पाएंगे। जानकारी मिली है कि हज यात्री अपने साथ 47 किलो सामान ले जा सकते हैं। इसमें दो बैग में 20-20 किलो सामान रखा जायेगा और एक बैग में सात किलो सामान होगा जिसे हज यात्री अपने साथ रख सकेगा।

# प्रदेश में होंगी कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रम को दे रहे अंतिम रूप

**अमृत विचार:**प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानि राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो, जनसभा करतीं नजर आएंगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकतीं हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है।


दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकतीं हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल यादव और डिंपल यादव के नाम हैं।

## वर्ग पहेली-60

**बाएं से दाएं**

1. 1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन
4. 1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग
6. 1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।
8. 1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।
10. 1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

**ऊपर से नीचे**




2. 1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान ; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली
3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।
5. 1. वाह, ख़ूब, अच्छा
7. नाश करना, नष्ट करना।
8. 1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।
9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।

### वर्ग पहेली -59 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | | | | | 2 अँ | |
| द | | 3 मा | लि | य | त | |
| गी | | हो | | | ड़ी | |
| | 4 दि | ल | रु | बा | | 5 अं |
| | ठि | | | | | शु |
| | या | | | 6 धौं | क | ना |
| 7 शो | र | से | नी | | | भि |

## सुडोकू -139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू -138 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19.57 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

**मिथुन** – आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

**कर्क** – आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

**सिंह** – आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

**कन्या** – आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**तुला** – आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** – आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

**मीन** – आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दीवाने – दोपहर : 12.00
परदेसी बाबू – रात : 08.55

&pictures
सत्यप्रेम की कथा – सुबह : 10.53
द कश्मीर फाइल्स – रात : 08.00

SONY PIX
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 10.48
द वॉटर हार्स – रात : 09.00

ZEE CINEMA
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक – सुबह : 11.25
रेस – रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेलो ब्रदर – सुबह : 07.52
टाइगर नागेश्वर राव – शाम : 06.29

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार,सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवर्ल्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लभगभ 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।


### कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के नेता 'शहजादे' को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

## झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**पलामू (झारखंड), एजेंसी**



नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए। ●

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।

### मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा-राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

### टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

## कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

**इंदौर, एजेंसी**

● मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका



कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**मलप्पुरम।** केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुयी मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

## पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**अमित शाह फर्जी वीडियो मामला**

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

## मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

**मंगलुरु।** मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरेराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्.डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।


### ममता बनर्जी ने भाजपा को बताया बंगाल विरोधी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला और पार्टी को "बंगाल विरोधी" बताया और उस पर "हर संभव स्तर पर हमारे राज्य को बदनाम करने की साजिश रचने" का आरोप लगाया। सुश्री बनर्जी की टिप्पणी संदेशखाली घटना पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो की प्रतिक्रिया में आई है, जिसमें दिखाया गया है कि वहां जो कुछ भी हुआ वह कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा "रचा " गया था। सुश्री बनर्जी ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा के भीतर 'सड़ांध' कितनी गहरी है। सुश्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा संदेशखाली स्टिंग दिखाता है कि भाजपा के भीतर कितनी गहरी सड़ांध है।

## रायबरेली में बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे राहुल : शाह

**बोडेली (गुजरात), एजेंसी**

● गुजरात में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर किया कटाक्ष



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर शनिवार को उनपर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता रायबरेली में बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कुछ राज्यों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण छीनने का भी आरोप लगाया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। जब वह अमेठी से चुनाव हार गए, तो वायनाड चले गए। चूंकि, उन्हें एहसास हो गया है कि वह इस बार वायनाड से हार जाएंगे, इसलिए वह अब अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं।'' राहुल ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी और वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। उन्होंने वायनाड से जीत हासिल की थी, जबकि अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने छोटा उदयपुर (आरक्षित) लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा के लिए चुनाव प्रचार करने के दौरान कहा-राहुल बाबा, मेरी सलाह मानो। दिक्कत आपमें है, सीटों में नहीं। आप रायबरेली से भी बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। अगर आप भाग भी जाओ, तो भी लोग आपको ढूंढ लेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा एंड कंपनी यह झूठ फैला रहे हैं कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक और कार्यकाल हासिल करेंगे, तो आरक्षण खत्म कर देंगे। शाह ने कहा-राहुल बाबा, मोदी के पास 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत था। लेकिन, उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण को कभी नहीं छुआ। यह मोदी की गारंटी है कि जब तक भाजपा सत्ता में है, आपके आरक्षण को कोई छू नहीं सकता।

### रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से की न्याय की मांग

**हैदराबाद।** रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा। रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया है।

**पक्षियों को बचाने की जद्दोजहद...**



जम्मू में स्कूली छात्राओं ने पक्षियों को बचाने के अभियान में भाग लेते हुए पेड़ों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन लटकाए। ● एजेंसी



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया में दवा मूल्य नियंत्रण का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में दवा मूल्य नियंत्रण का मुद्दा उठाया। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच के मुद्दों का समय पर समाधान करने, लोगों के बीच संपर्क को गहरा करने और तरजीही आयात के आंकड़े साझा करने के लिए एक संस्थागत तंत्र बनाने पर मिलकर काम करने का फैसला किया है।

### अडाणी समूह फिलीपींस में बनाएगा बंदरगाह

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की फर्म एपीएसईजेड फिलीपींस के बाटान प्रांत में बंदरगाह विकसित करने की योजना बना रही है। फिलीपींस के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने बंदरगाह पर चर्चा करने के लिए दो मई को राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर से भेंट की थी।

# निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

## नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

**नासिक, एजेंसी**



केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा-प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

## एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

**कोलकाता, एजेंसी**

● आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ॠण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ॠण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550-54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,600 |
| चांदी पक्की | 802 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,750 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

### आईडीबीआई बैंक का तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ गया शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है।

## आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, प्रतिष्ठा क्षति को लेकर चिंता ज्यादा

**मुंबई, एजेंसी**

● प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात




कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा।

बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।



## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपरजायंट्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाते हुए मुंबई को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।



### सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर

**धर्मशाला।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।



## मुंबई ने दूसरी बार जीता आईएसएल का खिताब

**कोलकाता।** बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट) के गोल के दम पर बढ़त बना ली। मुंबई के लिए जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मुंबई को बढ़त दिला दी। अतिरिक्त समय में याकूब वोटुस ने एक और गोल करके बागान की हार पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही आईएसएल कप बरकरार रखने और लीग विनर्स शील्ड तथा खिताब एक साथ जीतने का बागान का सपना टूट गया। मुंबई सिटी ने 2020-21 में आईएसएल खिताब जीता था।

## खेल डायरी

### ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के शृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

### हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

# डुप्लेसी-विराट के तूफान से गुजरात चारों खाने चित

## फाफ ने 64 और कोहली ने खेली 42 रनों की तूफानी पारी, 4 विकेट से जीती बेंगलुरु



बेंगलुरु, एजेंसी

घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के बाद विराट कोहली (42) और कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी (64) के बीच 92 रनों की तूफानी साझीदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से धो दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में 144 रन बनाए जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 13.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजय कुमार वैशाख ने घातक गेंदबाजी से गुजरात को सस्ते में समेट कर अपनी टीम की जीत की उम्मीद पहले ही जगा दी थी जबकि विराट और डुप्लेसी ने रनों की बरसात कर इस उम्मीद को हकीकत में तूफानी अंदाज से बदल कर रख दिया।

दोनो बल्लेबाजों ने पहले पॉवर प्ले में बेहद आक्रामक अंदाज से रन बटोरे और देखते ही देखते स्कोरबोर्ड पर 5.5 ओवर में 92 रन चमकने लगे थे और मैदान पर बैठे बेंगलुरु के समर्थकों को लगने लगा था कि जीत दस ओवरों के भीतर ही मिल जाएगी मगर नूर मोहम्मद के हाथों डुप्लेसी का विकेट गिरने के बाद दूसरे छोर पर विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया और अगले पांच विकेट महज 25 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गए। दिनेश कार्तिक (21 नाबाद) और स्वप्निल सिंह (15 नाबाद) ने गुजरात के गेंदबाजों को कोई भाव नहीं दिया और बेंगलुरु को एक आसान जीत दिला दी।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए (61) जोड़े। शाहरुख ने सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

### गुजरात 147/10
19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| शुभमन गिल का विशाक बो सिराज | 2 | 7 | 0/0 |
| साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0/0 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 37 | 24 | 5/1 |
| डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा | 30 | 20 | 3/2 |
| राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल | 35 | 21 | 5/1 |
| राशिद खान बो दयाल | 18 | 14 | 2/1 |
| विजय शंकर का सिराज बो विशाक | 10 | 7 | 2/0 |
| मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक | 1 | 2 | 0/0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| नूर अहमद रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

### बेंगलुरु 152/6
13.4 ओवर, अतिरिक्त : 2

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच साहा बोल्ड नूर | 42 | 27 | 2/4 |
| डुप्लेसी कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल | 64 | 23 | 10/3 |
| विल जैक्स कैच शाहरुख बोल्ड नूर | 1 | 3 | 0/0 |
| रजत पाटीदार कैच मिलर बोल्ड लिटिल | 2 | 3 | 0/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच मिलर बोल्ड लिटिल | 4 | 3 | 1/0 |
| कैमरन ग्रीन कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल | 1 | 2 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 21 | 12 | 3/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 15 | 9 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** मोहित शर्मा 2-0-32-0, जॉश लिटिल 4-0-45-4, मानव सुथर 2-0-26-0, नूर अहमद 4-0-23-2, राशिद खान 1.4-0-25-0

## इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की।

लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।


## एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

## आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी



● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

### एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

## भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

## टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन



सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

### फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।

### जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें



शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

काठमांडू, एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

## पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

**हरिद्वार।** आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

# 35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

*अमेरिका, हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।*

### गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

**2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात :** वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।



### कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

### शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

### वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

### भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़ा करोड़ रुपये में)

| | |
|---|---|
| चीन | 6,391.64 |
| अमेरिका | 4,467.39 |
| बांग्लादेश | 2,076.64 |
| यूएई | 1,945.98 |
| थाईलैंड | 1,498.08 |
| मलेशिया | 1,205.60 |
| इंडोनेशिया | 1,199.12 |
| ब्रिटेन | 932.65 |
| श्रीलंका | 868.50 |
| सऊदी अरब | 747.89 |

## एक नजर

### चीन में तूफान को लेकर रेड अलर्ट

**गुआंगजौ।** चीन के दक्षिण गुआंग्डोंग प्रांत के झुहाई जिले के तीन इलाकों में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि डौमेन जिले में सुबह आठ बजे तक एक घंटे में करीब 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई। दो अन्य स्थान जियांगझू जिला और झुहाई नेशनल हाई-टेक औद्योगिक विकास क्षेत्र ने भी तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया। यातायात विभाग ने कहा कि शहर के सड़कों पर पानी भर जाने से निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

### करीना कपूर खान को यूनिसेफ का राष्ट्रीय दूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** यूनिसेफ (भारत) ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना नया राष्ट्रीय दूत नियुक्ति किया है। वह वर्ष 2014 से संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की भारत इकाई से जुड़ीं हुई थीं। करीना प्रत्येक बच्चे के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक समानता के अधिकार को आगे बढ़ाने में गैर-लाभकारी संगठन का समर्थन करेंगी। करीना ने कहा, इस दुनिया की भावी पीढ़ी के अधिकारों जितनी महत्वपूर्ण कोई अन्य चीज नहीं है। अब भारत के राष्ट्रीय दूत के रूप में यूनिसेफ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### पंजाब में सीमा के पास ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मविक-3 क्लासिक है। वहीं, एक अन्य घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के गांव सांकतरा के पास भी एक खेत में एक पैकेट मिला जिसमें 406 ग्राम हेरोइन थी।

### महाराष्ट्र के सांगली में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**सांगलीत।** भारतीय सेना के एक हेलीकॉप्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के सांगली जिले के एरंडोली गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर के आपातकालीन लैंडिंग की वजह तकनीकी खराबी बतायी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेना के जवानों को चिकित्सा सामग्री सहित रसद प्रदान करने के लिए नासिक से बेंगलुरु जा रहा था, तभी अचानक से हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने पर उसे खेत में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। हेलकॉप्टर की खराबी को ठीक करने के लिए नासिक से सेना की एक टीम रवाना हुई।

# भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। यह दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं।

जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सहायक कानूनी ढांचे, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोगी भागीदारी पर जोर देने की जरूरत है।



जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

# चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है।

आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

### इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

# अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

- सीबीआई निदेशक बोले वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र किया। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है।

## शांति की मांग



**नई दिल्ली :** कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, राज्य में शांति बहाल की जाए। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। ● एजेंसी

# कनाडा की राजनीति को प्रभावित कर रहा भारत

- कनाडा की सरकारी जांच रिपोर्ट को भारत ने आधारहीन बताकर किया खारिज

ओटावा, एजेंसी

कनाडा में मौजूद विदेशी एजेंट सहित भारतीय अधिकारी ऐसी कई गतिविधियों में शामिल हैं जिनका मकसद देश में खालिस्तानी अलगावादियों को लेकर चिंताओं पर नई दिल्ली के हितों की पूर्ति के लिए कनाडाई समुदाय और राजनीतिक नेताओं को प्रभावित करना है।

यह निष्कर्ष कनाडा की एक सरकारी जांच में सामने आया है। भारत ने इस रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे आधारहीन बताकर खारिज कर दिया है। कमिश्नर मैरी-जोसी हग के नेतृत्व में हुई जांच की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि 2019 और 2021 में हुए संघीय चुनावों को प्रभावित करने की भारत ने कोशिश की, लेकिन चुनाव परिणाम बताते हैं कि मतदाताओं पर उन कोशिशों का विशेष असर नहीं हुआ। भारत ने हस्तक्षेप को लेकर आरोप का खंडन किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि कनाडा इस तरह के आधारहीन आरोप लगाकर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप वाली अपनी हरकतों पर पर्दा डालना चाहता है। किसी अन्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप न करने की भारत की नीति सुस्पष्ट है। शुक्रवार को सार्वजनिक हुई जांच रिपोर्ट में भारत के बारे में कहा गया है कि भारतीय अधिकारी, खासतौर पर प्रवासी भारतीय ऐसी गतिविधियों में लगातार संलग्न रहते हैं जिनसे कनाडा के मूल निवासी और राजनीतिक लोग उनसे प्रभावित हों।

### कनाडा में घटनाओं की वजह आंतरिक राजनीतिः जयशंकर



**भुवनेश्वर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर कनाडा में जो कुछ भी हो रहा है वह ज्यादातर वहां की आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। जयशंकर ने बोले- वैश्विक स्तर पर भारत की छवि पहले की तुलना में बेहतर है और कनाडा एक अपवाद है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थकों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का इस्तेमाल कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा हमने उनसे कई बार कहा कि ऐसे लोगों को वीजा न नहीं दें जिससे दोनों देशों के संबंधों में तनाव आए, लेकिन कनाडा ने कुछ नहीं किया।

## अमेरिकाः फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए।

इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

# सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक



इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

## ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।

ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

**विज्ञान** आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

# अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया की एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।



नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

### दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।